संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 09 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 329 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नई दिल्ली में राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार संभाला।

# देश को अपनी विरासत पर है गर्व : मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले में आयोजित होने वाले पहले भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन द्विवार्षिक (आईएडीबी), 2023 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। पीएम मोदी ने सात शोध प्रकाशनों का भी अनावरण किया।

**लाल किला अपने आप में ऐतिहासिक:** इस मौके पर उन्होंने कहा कि लाल किले का ये प्रांगण अपने आप में बहुत एतिहासिक है। ये किला केवल इमारत नहीं है यह एक इतिहास है। आजादी के पहले और आजादी के बाद कितनी ही पीढ़ियां गुजर गईं लेकिन लाल किला अडिग है और अमिट है। उन्होंने ल्र्ड हेरिटेज साइट लाल किले में आए सभी लोगों का अभिनंदन किया।

**देश को अपनी विरासत पर गर्व: पीएम मोदी**-पीएम मोदी ने कहा कि आज भी भारत की संस्कृति और हमारी प्राचीन धरोहरें पूरी दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। उन्होंने कहा कि देश आज के समय में अपनी विरासत पर गर्व की भावना को लेकर आगे बढ़ रहा है। देश कला और वास्तुकला से जुड़े हर क्षेत्र में आत्मगौरव की भावना से काम हो रहा है। भारत अमृतकाल में सांस्कृतिक समृद्धि के नए आयाम गढ़ रहा है, इसके लिए ठोस प्रयास कर रहा है।

**मोदी ने कहा...**
8 लाल किले का ये प्रांगण अपने आप में बहुत एतिहासिक है। ये किला केवल इमारत नहीं है यह एक इतिहास है।

**आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिजाइन दुर्लभ कलाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम:** पीएम मोदी ने कहा कि आज 'आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिजाइन' का लोकार्पण हुआ है, जो भारत की अद्वितीय दुर्लभ कलाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ये मंच

## चारों तरफ दिख रहे हैं डबल इंजन सरकार के डबल प्रयासः मोदी




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन सरकार के डबल प्रयास चारों तरफ दिख रहे हैं। राज्य सरकार अपनी तरफ से जमीनी सच्चाई को समझते हुए यहां तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने यह बातें शुक्रवार को देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के उद्घाटन के मौके पर कही। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और ग्राउंड ब्रेकिंग वॉल का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सशक्त उत्तराखंड पुस्तक और ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज भी लॉन्च किया। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के साथ अपने घनिष्ठ संबंध को दोहराते हुए कहा कि उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है जहां दिव्यता और विकास एक साथ महसूस होता है। मैंने तो उत्तराखंड की भावनाओं और संभावनाओं को निकट से देखा है, मैंने उसे जिया है, अनुभव किया है। प्रधानमंत्री ने इस भावना को और विस्तार देने के लिए एक भी कविता सुनाई।

**प्रधानमंत्री ने कहा कि सामर्थ्य से भरी ये** देवभूमि निश्चित रूप से आपके लिए निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। आज भारत, विकास भी और विरासत भी के जिस मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है।

**अब वो दिन दूर नहीं जब दिल्ली-देहरादून की दूरी ढाई घंटे होगी:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार 21वीं सदी के आधुनिक कनेक्टिविटी के इंफ्रास्ट्रक्चर पर उत्तराखंड में अभूतपूर्व इन्वेस्टमेंट कर रही है। केंद्र सरकार के इन प्रयासों के बीच राज्य सरकार भी छोटे शहरों और गांव-कस्बों को जोड़ने के लिए पूरी शक्ति से काम कर रही है। आज उत्तराखंड में गांव की सड़कें हों या फिर चारधाम महामार्ग इन पर अभूतपूर्व गति से काम चल रहा है। वो दिन दूर नहीं जब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से दिल्ली और देहरादून की दूरी ढाई घंटे होने वाली है। देहरादून और पंतनगर के एयरपोर्ट के विस्तार से एयर कनेक्टिविटी सशक्त होगी। यहां की सरकार हैली-टैक्सी सेवाओं के राज्य के भीतर विस्तार दे रही है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग, इस रेल लाइन से यहां की रेल कनेक्टिविटी सशक्त होने वाली है।

## धर्म नगरी के साथ विकास नगरी भी बन रहा उत्तराखण्ड



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड धर्म की नगरी के साथ-साथ विकास की नगरी भी बन रही है। डबल इंजन की सरकार से राज्य लाभान्वित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को देहरादून में 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामर्थ्य से भरी ये देवभूमि निश्चित रूप से आपके लिए बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। आज भारत विकास और विरासत के जिस मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है। राज्य की विकास हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वो राज्य है जहां आपको धर्म और विकास दोनों का अनुभव एक साथ होता है। मैंने तो उत्तराखंड की भावनाओं और संभावनाओं को निकट से देखा है। उसे जिया है, अनुभव किया है। आपको आज देश में नीति-संचालित शासन दिखेगी, आपको आज राजनीतिक स्थिरता के लिए देशवासियों का मजबूत आग्रह दिखेगा। आकांक्षी भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता है बल्कि वह आज स्थिर सरकार चाहता है।

## देशवासियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट का हिस्सा बनने का आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (शुक्रवार) सुबह देशवासियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट 2023 (शिखर सम्मेलन) का हिस्सा बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आकर्षक कार्यक्रम है। यह एआई और नवाचार में प्रगति के जश्न का प्रतीक है। वैश्विक साझेदारी पर आधारित यह शिखर सम्मेलन 12 दिसंबर को शुरू होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और लिंक्डइन पर जारी आह्वान संदेश में उम्मीद जताई है कि देशवासी इस जीवंत मंच का हिस्सा बनना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विषय नवाचार ही नहीं, मानव प्रयास की शक्ति का भी प्रतीक है। इस शक्ति ने आज कल्पना को जीवंत कर दिया है। तीव्र प्रगति की तरंगों में एआई ऐसा क्षेत्र है जहां इसके अनुप्रयोगों का तेजी से विस्तार हो रहा है।

कारीगरों और डिजाइनरों को एक साथ लाने और बाजार के हिसाब से उन्हें नई खोज करने में मदद करेगा।

**भारत दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्रः पीएम मोदी** पीएम मोदी ने कहा कि हम दुनिया के सबसे विविधतापूर्ण राष्ट्र हैं और यही विविधता हमें आपस में भी जोड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि मैं जिस शहर से सांसद हूं वह काशी है और काशी को अविनाशी कहते हैं।

## फास्ट न्यूज

### पिंपरी चिंचवड़ में मोमबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, छह लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में पिंपरी चिंचवड़ शहर के तलावड़े इलाके में एक मोमबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त शेखर सिंह ने यह जानकारी दी है। पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम आयुक्त शेखर सिंह ने हादसे की जानकारी देते हुए आगे कहा कि फायर ब्रिगेड को दोपहर करीब 2.45 बजे तलवाडे स्थित फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों को पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में मोमबत्तियां बनाई जाती हैं जिनका इस्तेमाल आम तौर पर जन्मदिन समारोह के लिए किया जाता है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि इसके कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### 107 करोड़ की एमडी ड्रग जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई।** रायगढ़ जिले में स्थित खोपोली में आंचल केमिकल नामक दवा कंपनी में छापा मारकर पुलिस ने 107 करोड़ का एमडी पाउडर जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। खोपोली के ढेकू गांव में 'इंडिया इलेक्ट्रिक पोल्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी' के अंदर 'आंचल केमिकल' में एमडी ड्रग कंपनी चल रही थी। रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घारगे ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस को आंचल केमिकल कंपनी में ड्रग बनाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर गुरुवार को इस कंपनी में छापा मारा गया और मौके पर 85 किलो 200 ग्राम एमडी पाउडर जब्त किया गया, जिसकी बाजार कीमत करीब 107 करोड़ रुपये है। इस्तेमाल होने वाले 15 लाख रुपये के कच्चे रसायन और 65 लाख रुपये की एमडी बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी भी जब्त की है।

# तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा की सदस्यता रद्द



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा ने सदस्यों के अनुचित आचरण की जांच करने वाली आचार समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा की सदस्यता रद्द कर दी। मोइत्रा पर पैसे और उपहार लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप था। आचार समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा सदस्य विनोद सोनकर ने आज पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की। दोपहर 12 बजे रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद सदन की दो बजे शुरू हुई कार्यवाही में रिपोर्ट पर विचार किया गया। करीब एक घंटे चली चर्चा के बाद रिपोर्ट की सिफारिशों का ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया गया। इस दौरान विपक्ष ने सदन से बाहिर्गमन किया। तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने मोइत्रा को सदन में समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान अपना पक्ष रखने दिए जाने का आग्रह किया जिसे अध्यक्ष ओम बिरला ने अस्वीकार कर दिया। सदन में महुआ की सदस्यता रद्द करने का

## रिपोर्ट को पढ़ने के लिए मिले और समयः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से संबंधित आचार समिति की रिपोर्ट लोकसभा में शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के बीच पेश की गई।

विपक्ष की मांग के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आधा घंटे का समय तय किया, जिसे विपक्ष ने नाकाफी बताया है। कांग्रेस ने रिपोर्ट के अध्ययन के लिए तीन से चार दिन का समय मांगा है।

## 'अदालत के आदेश के बाद जागी महाराष्ट्र सरकार'

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक बार फिर शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार की निंदा की।उसने कहा कि महाराष्ट्र ने कोई कदम नहीं उठाया और अदालत के आदेश जारी करने के बाद ही जागी, जब उसे सूचित किया गया कि अग्नि सुरक्षा नियमों और विनियमों के लिए अधिसूचना मई 2024 तक जारी की जाएगी। गौरतलब है, शीर्ष अदालत ने इस साल फरवरी में एक विशेषज्ञ समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के बावजूद अग्नि सुरक्षा नियमों और विनियमों के कार्यान्वयन को नजरअंदाज करने पर इस सप्ताह की शुरूआत में राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी। उसने कहा था कि हर दूसरे दिन मुंबई में आग लगने की कोई न कोई घटना होती है।

## आयकर विभाग ने मारी छापेमारी, मिले 200 करोड़ कैश



**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि छापेमारी में 9 अलमारियां नोटों से भरी पाई गईं और नोटों को गिनने के लिए मशीनें मंगवानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 200 करोड़ रुपये की गिनती हो चुकी है और अभी भी नोटों की गिनती चल रही है। ऐसे में जब्त रकम अभी और बढ़ सकती है।

**नौ अलमारियों में मिले 200 करोड़ रुपये कैश:** बता दें कि धीरज साहू एक बड़े उद्योगपति हैं और शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े हैं। आयकर विभाग ने ग्रुप के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग ने बलदेव साहू कंपनी के बोलांगीर स्थित कार्यालय से 30 किलोमीटर दूर सतपुड़ा ऑफिस में छापेमारी में 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोटों के बंडल ऑफिस की नौ अलमारियों में भरे रखे थे। नोट 500, 200 और 100 रुपये को गड्डियों में रखे थे। इतनी बड़ी संख्या में कैश मिलने के बाद आयकर विभाग की टीम ने मशीनों से नोट गिनकर 157 बैगों में भरा, जब बैग कम पड़ गए तो बोरियों में नोट भरे गए और उसके बाद एक ट्रक में डालकर इन्हें बैंक ले जाया गया।

# दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा अयोध्या एयरपोर्ट का पहला चरण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने शुक्रवार को बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट के पहले चरण का काम दिसंबर के अंत पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बन रहे मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का निर्माण कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा, यह हवाई अड्डा सरकार का फोकस क्षेत्र है।

**तीन साल में शुरू हो जाएगी बुलेट ट्रेन परियोजना :** सिंधिया ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला खंड तीन साल में शुरू होने की उम्मीद है। नागरिक उड्डयन और इस्पात के लिए भारत में बुनियादी ढांचे में समग्र विकास विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हम अपने पूंजीगत व्यय कार्यक्रम पर बहुत अधिक केंद्रित हैं। जहां तक हवाईअड्डों का सवाल है, हमारी 95,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय योजना है, जिसमें सरकार द्वारा लगभग 25 प्रतिशत और निजी क्षेत्र द्वारा 75 प्रतिशत होगा।"

**पीएम मोदी करेंगे अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटनः** अयोध्या हवाई अड्डे के बारे में पूछे जाने पर, सिंधिया ने कहा कि वह रोजाना के आधार पर परियोजना की निगरानी कर रहे हैं। एक चार्ट बनाया गया है, जिसमें प्रोजेक्ट में हो रही प्रगति को अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा, "इस महीने के अंत तक मैं आपको आश्वासन दूंगा कि यह बनकर तैयार हो जाएगा और जब यह पूरा हो जाएगा, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे।"

**2014 के बाद तेजी से बढ़ी हवाई अड्डों और हेलीपैड की संख्याः** सिंधिया ने आगे कहा कि नवी मुंबई में दूसरा हवाई अड्डा और उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डा अगले साल के अंत तक चालू हो जाएगा। हवाई अड्डे के क्षेत्र में आजादी के 65 वर्षों के बाद से केवल 74 हवाईअड्डे बनाये गए। 2014 के बाद से, देश में 75 हवाई अड्डे और हेलीपैड जोड़े गए, जिससे इनकी कुल संख्या 149 हो गई और 2030 तक इसकी संख्या और भी बढ़ जाएगी। रेलवे क्षेत्र पर बोलते हुए, सिंधिया ने कहा कि 2014 के बाद नई हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत के साथ परिवर्तन देखा गया।

## बाबा बालकनाथ और रेणुका सिंह ने दिया था सांसद पद से इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को भाजपा सांसद बाबा बालकनाथ और रेणुका सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राजस्थान के अलवर से सांसद रहे बालकनाथ ने राज्य के तिजारा से विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। छत्तीसगढ़ के सरगुजा से सांसद रहे सिंह ने भरतपुर-सोनहत निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीता था। कुल मिलाकर, विधानसभा चुनाव जीतने के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के 12 सांसदों ने इस्तीफा दे दिया है। इसमें लोकसभा के 11 और राज्यसभा के एक सांसद शामिल हैं। इस्तीफा देने वाले अन्य सांसद मध्य प्रदेश से नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह और रीति पाठक हैं। वहीं, राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी, किरोड़ी लाल मीना (राज्यसभा सांसद) ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, छत्तीसगढ़ से अरुण साव और गोमती साई भी इस लिस्ट में शामिल हैं।





# 'मनोहर सरकार ने नारी सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा'

## ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां शिक्षा व खेलों में आगे बढ़े, सरकार ने ग्रामीण किशोरी बालिका पुरस्कार योजना की लागू, कामकाजी महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के लिए खोले 165 क्रेच, 335 और खोले जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की प्रदेश सरकार नारी सशक्तिकरण को पुरजोर ढंग से बढ़ावा दे रही है। सरकार की बेहतर योजनाओं का ही नतीजा है कि आज लड़कियां शिक्षा से लेकर खेलों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। सरकार की जागरूकता की वजह से अब माता-पिता बेटियों को बोझ नहीं मानते हैं बल्कि उन्हें बेहतर शिक्षा पाने के लिए प्रेरित कर रहे है। आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि अक्टबूर, 2014 में जहां लिंगानुपात 1000 लडके व 871 लड़कियां थी, वहीं लड़कियों का अब यह आंकड़ा बढक? 932 हो गया है। बेटियों को पढने.व खेलने की पूरी आजादी दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को शिक्षा ग्रहण करने व अन्य विकासात्मक गतिविधियों को पूरा करने में असुविधा न हो इसको लेकर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण किशोरी बालिका पुरस्कार योजना लागू की है, जिसके तहत लड़कियों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके परिणाम भी अच्छे आए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों के शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार आया है। प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य से लेकर उनकी सुरक्षा के प्रति भी गंभीर हैं।

**महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 हुई है कारगर साबित:** प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा व उनकी हर पल मदद के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 शुरू की। संकट में होने पर महिला उक्त नंबर पर काल करती है तो पुलिस चंद मिनट में उसकी मदद के लिए पहुंच जाती है। यह हेल्पलाइन महिलाओं के लिए बहुत कारगर साबित हुई है। दुर्गा शक्ति एप, दुर्गा शक्ति वाहिनी, दुर्गा शक्ति रैपिड फोर्स भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में तेजी से सुनवाई हो, इसके लिए सरकार ने 16 महिला फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए हैं। बस अड्डों पर महिलाओं के साथ कोई अभद्र व्यवहार न कर सकें। इसके लिए प्रदेश के सभी बस अड्डों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



**ग्रामीण किशोरी बालिका पुरस्कार योजना की राशि में की बढ़ोतरी:** सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण किशोरी बालिकाओं को पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली अवार्ड राशि में बढ़ोतरी की है। शहरी बालिकाओं को भी इस योजना के अंतर्गत कवर किया जा रहा हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर तीन बालिकाओं को क्रमशः 8,000 रुपये, 6,000 रुपये तथा 4,000 रुपये की राशि के पुरस्कार दिये जा रहे हैं।
बारहवीं परीक्षा में खण्ड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर तीन बालिकाओं को क्रमशः 12,000 रुपये, 10,000 और 8,000 रुपये की राशि के पुरस्कार दिये जाते हैं।

**शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के बढ़े कदम:** प्रदेश सरकार ने लड़कियों के शिक्षा के स्तर को सुधारने में अहम योगदान दिया है। आईटीआई में पढने.वाली छात्राओं को प्रतिमाह 500 रुपये का वजीफा दिया जाता है। छात्राओं को स्कूल व कालेज में जाने के लिए रोडवेज की बसों में 150 किलोमीटर की मुफ्त यात्री की सुविधा दी गई है।

### पंचायतों में भी महिलाओं को दिलाया सम्मान

**प्रदेश** सरकार ने पंचायतों में महिलाओं को सम्मान दिलाया है। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है। बेटियों को आगे बढ़ाने व महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। राशन डिपो के लिए भी महिलाओं को 33 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व दिया गया है। सुकन्या समृद्धि खाता योजना के तहत विभिन्न डाकघरों में 7.38 लाख खाते खोले गए हैं। प्रदेश सरकार ने गांव से लेकर शहर तक अभिभावकों को जागरूक किया है कि बेटियों को बोझ न समझें। आज बेटियां बेटों से ही आगे है, हर क्षेत्र में बेटियां सराहनीय प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रदेश की बेटियां शिक्षा और खेलों में अंतरराष्ट्रीय फलक पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

# पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए निरंतर अग्रसर हरियाणा पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पुलिसकर्मियों के बच्चों को रोजगार दिलवाने व उनके उत्थान को लेकर पुलिस विभाग के वैल्फेयर विंग द्वारा सक्रियता से कार्य करते हुए 452 बच्चों की सूची तैयार की गई है। इनमे से 134 युवाओं को अलग-2 कोर्सिज में दाखिला करवाते हुए उनकी रूचि अनुसार प्रशिक्षित किया जा रहा है जबकि 318 बच्चों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रोजगार दिलवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 74 पुलिसकर्मियों को नशामुक्त करते हुए समाज की मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है जबकि 39 अन्य पुलिसकर्मी नशामुक्ति केन्द्रों में उपचाराधीन हैं। पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते



हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में पुलिसकर्मियों के 134 युवाओं को अलग-2 कोर्सिज में एडमिशन दिलाते हुए प्रशिक्षित किया जा रहा है। ड्राइविंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक माह की समय अवधि का होगा जिसे आगे भी प्राप्त आवेदनों अनुरूप करवाया जाता रहेगा। इसमें चालकों को अलग-2 ट्रेनिंग मॉड्यूल के तहत हैवी तथा लाइट व्हीकल ड्राइविंग के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सभी चालक वर्दी में होंगे और हरियाणा पुलिस से वैरिफाईड होंगे।

# हमें आयुर्वेद में शोध के लिए पूरा जीवन देकर इसे जिंदा रखना है: होसबाले

## दत्तात्रेय होसबाले सेक्टर-46 स्थित श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल हुए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि हमें आयुर्वेद में शोध के लिए पूरा जीवन देकर इसे जिंदा रखना है। जिसके जरिये हम विश्व के रोगियों के कष्ट दूर सकते हैं। हमको किसी अन्य पद्धति का विरोध नहीं करना है। श्री दत्तात्रेय होसबाले सेक्टर-46 स्थित श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल में स्वर्गीय श्री मदन दास देवी जी की याद में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने कालेज परिसर में आयुर्वेदिक के जनक धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण और स्वर्गीय श्री मदन दास देवी जी को समर्पित कालेज एवं अस्पताल के द्वितीय तल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री मदन दास देवी स्वदेश जागरण मंच के पक्षधर थे। वे ज्ञान, परपंरा, सांस्कृतिक और सभ्यता को अपनाने पर जोर देते थे। मदन जी ने अपने जीवनकाल में लाखों युवाओं को सही रास्ता दिखाया है। जिस पर चलकर वे सफल हुए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का



आह्वान किया है कि हम जहां रहें वहां पर बेहतर प्रदशर्न करें और अपनी योग्यता को साबित करते रहें। वाइस चांसलर आयुष विश्वविद्यालय (हरियाणा) करतार धीमान ने कहा कि श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल उत्तर भारत के श्रेष्ठ कालेजों में से एक है, लेकिन हम सभी को उत्तर भारत ही नहीं बल्कि इसे पूरे भारत वर्ष में सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक कालेज बनाना है।

**कालेज एवं अस्पताल के द्वितीय तल पर ये होगा:** कालेज एवं अस्पताल के द्वितीय तल 7 विभागों से युक्त है, जिनमें आचार्य नागार्जुन कक्ष रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, आचार्य भावप्रकाश कक्ष- द्रव्यगुण विज्ञान, श्री नीलकंठ कक्ष - अगदन्त्रक व्यवहार आयुर्वेद एवं विधिवैद्यक, महर्षि कश्यप कक्ष - कौमारभृत्य, आचार्य हारीत कक्ष, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग, महर्षि भरद्वाज कक्ष संहिता एवं सिद्धांत, स्वस्थ वृत्त एवं योग, एक पुस्तकालय और एक लड़कों का सामान्य कक्ष शामिल है।

**संस्कृत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृति:** श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए स्वर्गीय श्री मदन दास देवी जी के नाम से छात्रवृत्ति की घोषणा की है। यह छात्रवृत्ति संस्कृत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कालेज के सर्वश्रेष्ठ तीन छात्रों को प्रदान की जाएगी।

# गांव बरसीन में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
हरियाणा के विधायक दूड़ाराम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में आ रहे रथ सामान्य नहीं हैं, बल्कि यह एक तरह से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की गारंटी है।
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ओजस्वी नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब परिवारों एवं जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है।
नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। विधायक दूड़ाराम आज जिला फतेहाबाद के गांव बरसीन में आयोजित विकसित भारत संकल्प



यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें और जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने यहां पर लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, आयुष्मान भारत सहित सभी स्टॉल्स पर जाकर उनके द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली।

# चंडीगढ़: घाटों पर नजर आए लोक संस्कृति के अलग-अलग रंग

**चंडीगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे है। इन राज्यों के कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 24 दिसंबर तक लोगों को अपने-अपने प्रदेशों की लोक कला के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। इस महोत्सव पर आने के लिए देश का प्रत्येक कलाकार आतुर रहता है। पर्यटकों को फिर से ब्रह्मसरोवर के तट पर लोक संस्कृति को देखने का अवसर मिला है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र (एनजेडसीसी) की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच चुके हैं।

# इंस्टाग्राम पर असलहा के साथ फोटो डाली

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पर जंगली गैंग उचाना किंग के नाम से आईडी बना असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शुक्रवार को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना पुलिस को सूचना मिली थी कि इंस्टाग्राम पर जंगली गैंग उचाना किंग के नाम से एक आईडी बनाई गई है। जिस पर असलहा से लैस युवकों की फोटो अपलोड की गई हैं। इस आईडी में अलग-अलग असलहा के साथ फोटो अपलोड की गई थी। जिन युवकों की असलहा के साथ फोटो डाली गई थी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने सुनी जन समस्याएं और मौके पर किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल ने कहा कि वर्तमान सरकार में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को क्रियान्वित करके सभी वर्गों का विकास हो रहा है। आज केंद्र व प्रदेश की सरकार ने हरियाणा प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्यों की झड़ी लगाई हुई है।
मनोहर सरकार में जनता के सपने साकार हो रहे है। जनसेवा के संकल्प के साथ मनोहर सरकार जनता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने यह बात आज जगाधरी स्थित अपने आवास पर जन समस्याएं सुनते हुए कही।



**अम्बाला शहर के गांव सारंगपुर व रूपोमाजरा में विधायक असीम गोयल विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण को सम्मानित करते हुए।**

# गोशालाओं में चारे का संकट, सरकार मौन: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की गौशालाओं में चारे का संकट बना हुआ है और भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार मौन धारण किए हुए है। गौशाला संचालक सितंबर महीने से ग्रांट की दूसरी किस्त जारी करने की फरियाद कर रहे हैं, लेकिन उन्हें एक कोड़ी भी नहीं दी जा रही है। इसकी वजह से साढ़े 04 लाख गोवंश के सामने भूखे रहने की नौबत आने लगी है जबकि, प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष के शुरूआती 09 महीने में निर्धारित बजट का 10 प्रतिशत भी गायों पर खर्च नहीं



कर सकी है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फरवरी माह में बजट पेश करते हुए गायों व गोशालाओं के लिए बजट में दस गुणा से अधिक बढ़ोतरी करने का दावा करते हुए 456 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। पहली किस्त के रूप में अब तक सिर्फ साढ़े 41 करोड़ रुपये ही गोशालाओं को चारे की मद के तौर पर मिले हैं। जबकि, सितंबर महीने से ही तूड़ा-पराली की खरीद के लिए गौशाला महासंघ की ओर से ग्रांट की मांग सरकार व गौशाला आयोग से की जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गायों व गोशालाओं की वास्तविक स्थिति बताए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार व गौशाला आयोग सिर्फ जल्द ग्रांट जारी होने का आश्वासन दे रहे हैं। डिमांड करते 3 महीने से अधिक समय बीतने पर भी अभी तक दूसरी किस्त सरकार की ओर से जारी नहीं की गई है। पराली किसानों के पास से व्यापारियों के पास पहुंच चुकी है, जो डेढ़ से दोगुना तक कीमत वसूलने लगे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि ग्रांट जारी न होने से प्रदेश की 658 गोशालाओं में रखे गए साढ़े 4 लाख बेसहारा गोवंश के लिए चारे का संकट पैदा हो गया है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# कुरुक्षेत्र: संजीव शर्मा को कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा के कुलसचिव पद पर तीन वर्ष कार्यकाल पूरे होने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने के लिए कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा का पूर्ण योगदान एवं सहयोग रहा है। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ द्वारा शुक्रवार को के.यू. अधिनियम और परिनियम, 1986, (2021) की प्रतिमा 2(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव शर्मा, को तुरंत प्रभाव से अगले आदेश तक या नियमित रजिस्ट्रार के कार्यभार ग्रहण करने तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव का कार्यभार सौंपा।इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कुलसचिव का पदभार पुनः दिए जाने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति के मार्गदर्शन, दूरदर्शिता एवं उद्देश्यपूर्ण विजन के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, सांस्कृतिक एवं खेल के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष के कार्यकाल में उन्हें कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के साथ कार्य करने का सौभाग्य मिलना बड़े गर्व की बात है। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय को शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी की उत्कृष्टता में अग्रणी बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी।
इस अवसर पर केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. अनिल वोहरा, प्रॉक्टर प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. राम विरंजन, प्रो. एसके चहल, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. मंजूला चौधरी, प्रो. अरविन्द्र मलिक, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. दिनेश राणा, प्रो. अमित लुदरी, प्रो. आरसी दलाल, प्रो. मनोज जोशी, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. दीपक राय बब्बर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह, कुटा सचिव डॉ. जितेन्द्र खटकड़, कुंटिया प्रधान रजंवत कौर, महासचिव रविन्द्र तोमर, ओएसडी पवन रोहिल्ला, उपकुलसचिव डॉ. पंकज गुप्ता, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा, डॉ. दीपक शर्मा, सहायक कुलसचिव संदीप कुमार, सहायक कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा व प्रेम सिंह, एक्सईएन पंकज शर्मा व राजपाल सिंह मौजूद रहे।

# गीता से प्राप्त ज्ञान हमारे संदेहों को दूर करता है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्रीमद्भगवद** गीता के श्लोक हमें मनुष्य के रूप में हमारे कर्तव्यों के बारे में बताते हैं। श्रीमद् भगवत गीता को पढ़ने से हमें आत्म-नियंत्रण के महत्व और इसका अभ्यास करने के तरीके को समझने में मदद मिलती है। भगवद गीता की शिक्षाएँ हमें बताती हैं कि बिना इच्छा के निष्काम कर्म या क्रिया का अभ्यास कैसे करें।भगवद गीता हमें हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा से परिचित कराती है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अंतराष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2023 के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय मे गीता संवाद एवं गीता श्लोकोच्चारण कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक ब्रम्हचारियों द्वारा स्वस्ति वाचन से हुआ। कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के विद्यार्थियों गीता के विभिन्न श्लोको का सस्वर उच्चारण किया। कार्यक्रम में अलवर, राजस्थान ही आचार्य मनीष शर्मा एवं भरतपुर, राजस्थान से आचार्य राजेश



जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमदभगवतगीता के श्लोकों का नित्य मनन एवं वाचन करने से हमें अपनी जिंदगी की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने मदद सहायता मिलती है। भगवदगीता को पढ़ना हमें जीवन के बारे में सच्चाई से परिचित कराता है और अंधविश्वास और झूठी मान्यताओं से मुक्ति पाने में हमारी मदद करती है।गीता से प्राप्त ज्ञान हमारे संदेहों को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास का निर्माण करता है। गीता को धर्म-अध्यात्म समझाने वाला अमोल काव्य कहा जा सकता है। सभी शास्त्रों का सार एक जगह कहीं यदि इकठ्ठा मिलता हो, तो वह जगह है-गीता। गीता रूपी ज्ञान-गंगोत्री में स्नान कर अज्ञानी सद्ज्ञान को प्राप्त करता है। पापी पाप-ताप से मुक्त होकर संसार सागर को पार कर जाता है। विशिष्ट अतिथि आचार्य राजेश ने कहा गीता के ज्ञान को आत्मसात कर हम सब अपने जीवन को सफल बना सकते है।गीता का ज्ञान अमृतरूपी गंगा के समान है। विशिष्ट अतिथि आचार्य मनीष ने कहा श्रीमदभगवतगीता के प्रत्येक श्लोक मदद अथाह ज्ञान है। कार्यक्रम का संचालन वेदपाठी राहुल शर्मा ने किया। आभार ज्ञापन वेदपाठी संजय अत्री ने किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र में निजी स्कूल के बाहर से किशोरी को बहकाकर ले जाने के बाद उसके दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं जुमार्ना राशि से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है। सोनीपत शहर के व्यक्ति ने 16 अक्तूबर, 2022 को सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी शहर के निजी स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा है। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी सुबह स्कूल में गई थी। उसके बाद से वह वापस नहीं लौटी है।
उन्होंने शक जताया था कि उनकी बेटी को देवडू रोड निवासी पंकज बहकाकर ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी थी।

# कुरुक्षेत्र: आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर लगाने का आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला साईबर** थाना पुलिस ने आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना साईबर कुरुक्षेत्र की टीम ने आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर लगाने के आरोप में रोशन कुमार पुत्र परमात्मा महतो वासी नैनीताल उतराखण्ड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता बताया कि ईमेल के माध्यम से परिवादिया लड़की वासी शाहबाद ने पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र को शिकायत की थी कि उसके ईन्स्टाग्राम अकाउंट पर किसी ने उसकी फोटो को अडल्ट पेज पर डाल दिया है और उसने अपने ईन्स्टाग्राम अकाउंट का नाम भी बदल दिया है। जिसकी शिकायत पर थाना साईबर कुरुक्षेत्र में मामला दर्ज करके जांच साईबर थाना कुरुक्षेत्र के निरीक्षक राजेश कुमार को सौंपी गई।दिनांक 08 दिसम्बर 2023 को प्रभारी थाना साईबर निरीक्षक राजीव कुमार के मार्ग निर्देश में निरीक्षक राजेश कुमार व पीएसआई हरीश कुमार की टीम ने आपत्तिजनक फोटो सोशिल मीडिया पर लगाने के आरोपी रोशन कुमार पुत्र परमात्मा महतो वासी नैनीताल उतराखण्ड को गिरफ्तार कर लिया।
आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया व अदालत से आरोपी की जमानत मन्जूर होने पर अदालत के आदेशानुसार को रिहा कर छोडा गया।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभाओं को मिलता हैं बढ़ावा: सुदेश ठकराल

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार शर्मा। जीटी रोड स्थित दी** सेंचुरी स्कूल में खंड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी जोगिंद्र सिंह ने की। प्रतियोगिता में 55 सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के 185 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छह प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिनमें प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को गीता महोत्सव के तहत आयोजित निबंध लेखन, गीतो श्लोक उच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोतरी व पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिताओं का रिजल्ट 14 निर्णायकों ने दिया। छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने प्रतियोगितों में हिस्सा लिया था।



कंपोनेंट इंचार्ज विकास वर्मा की देखरेख में प्रतियोगिताएं हुई। प्रतिभागियों को दो वर्गो में बांटा गया था, जिसमें छठी से आठवीं और 9वीं से 12वीं का वर्ग शामिल था।
**पहले व दूसरे वर्ग के अनुसार क्रमशः** भाषण प्रतियोगिता में जीएसएसएस मूनक की छात्रा सोनिया, आदर्श स्कूल घरौंडा का कार्तिकेय, प्रश्नोतरी में मूनक जीएसएसएस की सिमरन, कोहंड स्कूल की रूही, गीता श्लोक उच्चारण में कैमला सरकारी स्कूल की समरीन, कोहंड स्कूल की तमन्ना, निबंध लेखन में गुढा जीएसएसएस की मिनाक्षी व कोहंड की कविता, पेंटिंग में जीएचएस मूनक की खुशबू व सेंचुरी स्कूल के अभिषेक तथा संवाद प्रतियोगिता में शेखपुरा खालसा सरकारी स्कूल की खुशी ने पहला स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि सुदेश ठकराल ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को क्रमशरू 1100 रुपए, 750 रुपए, 500 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया, जो बैंक खातों में ट्रांसफर होगा। सुदेश ठकराल व जोगिंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा सामने आती है। अब विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर हिस्सा लेंगे।

# गांवड़ी जाट स्कूल में टेक्निकल मेला का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ लालचंद नांगल चौधरी । राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गावड़ी जाट स्कूल में आज टेक मेला का आयोजन किया गया मंच संचालक अनिल कुमार कंप्यूटर साइंस प्रवक्ता ने बताया कि हम सभी विज्ञान और तकनीकी के समय में रह रहे हैं विज्ञान व प्रौद्योगिकी ने लोगों के जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित किया है इसने जीवन को आसान, सरल और तेज बना दिया है चिकित्सा ,शिक्षा, अर्थव्यवस्था ,खेल, नौकरियां ,पर्यटन आदि विज्ञान और प्रौद्योगिकियों के उदाहरण है टेक्नोलॉजी एक तरफ जहां कई सारे फायदे हैं तो दूसरी तरफ कई नुकसान भी है जैसे हमारे वातावरण पर, स्वास्थ्य पर, अत्यधिक प्रयोग से आदि होकर आलसी होना ,इंटरनेट के माध्यम से कई सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा आदि अनेकों दुष्परिणाम भी है साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य संजय यादव व उप प्राचार्य श्री बाबूलाल जी ने साइबर सिक्योरिटी पर प्रकाश डाला ताकि बाहरी तत्वों से( हैकर) बच्चा जा सके इसके साथ ही विद्यालय के कंप्यूटर अध्यापक विक्रम सिंह ने बताया की आधुनिक युग में सभी नागरिकों को तकनीकी शिक्षा का ज्ञान होना चाहिए। स्नेहा ठहिया प्रवक्ता रसायन विज्ञान व शशि कला ड्राइंग टीचर ने बच्चों से निबंध व पोस्टर मेकिंग और अन्य लेखन नाटक कल का कार्यभार संभाला उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित भी किया गया वह इस प्रोग्राम में अशोक कुमार प्रवक्ता, मानसिंह प्रवक्ता ,राकेश सर और रवि सर मौजूद रहे व सहयोग किया।

# अशोका विवि के निमार्धीन नॉर्थ कैंपस से लाखों का सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत राई थाना क्षेत्र स्थित** अशोका विवि में निमार्णाधीन नॉर्थ कैंपस से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है।
पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लगा सके। शोभा लिमिटेड कंपनी में कार्यरत गौरव ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि राजीव गांधी के अंदर असावरपुर में स्थित अशोका विवि में दो वर्षो से नॉर्थ कैंपस का निर्माण चल रहा है। जिसकी सिक्योरियटी टॉर्च बियर नाम की एंजेसी से दे रखी है। गत 1 दिंसबर को स्टोर वालों ने सामान की जांच की तो सामान नहीं मिला। सामान चोरी की सूचना पर सिक्योरियटी से पूछताछ की, लेकिन उनकी तरफ से कोई सामान चोरी न होने की जानकारी दी, लेकिन उन्होंने स्टोर में फिर से जांच करवाई। जिसमें जांच में एल्युमिनियम पैनल, आईसी, लेजर, लोहे की जाली 15 बंडल, कांपर केबल, लोहे की ग्रील, लोहे के पाइप सहित सामान गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मनोज कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# महिला आयोग प्रदेश की सभी बेटियों व महिलाओं के साथ: रेनू भाटिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि महिला आयोग प्रदेश की सभी बेटियों व महिलाओं के साथ खड़ा है और उनका पूरा सहयोग कर रहा है। किसी भी बेटी व महिला के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। रेनू भाटिया शुक्रवार को चंडीगढ़ में प्रदेश की विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ हुई बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि अगर संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति के पास कोई भी शिकायत आती है तो उस पर गंभीरता से कार्य किया जाए। छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव के बारे में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। रेनू भाटिया ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि बेटियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक करने के लिए पास के किसी न किसी स्कूल में एक सप्ताह में दो घंटे का कार्यक्रम आयोजित करें। इसके अलावा, जागरुकता से सम्बधित कार्यक्रमों का प्लान तैयार किया जाए।



रेनू भाटिया ने कहा कि उनके द्वारा वर्ष 2024 में 17 विश्वविद्यालयों में जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया है, जहां पर लड़कियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग स्कूलों के ग्रुप बनाकर विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी कुलपतियों को 11 व 12 जनवरी 2024 को फरीदाबाद में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला कॉन्क्लेव के लिए भी निमंत्रण दिया। जहां पर विभिन्न विषयों पर 52 अंतरराष्ट्रीय महिलाएं अपनी बात रखेंगी।

## आठ साल की बेटी को खूंटी से बांधकर पीटकर हत्या करने के दोषी पिता को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत गन्नौर थाना** क्षेत्र के गांव बजाना खुर्द में आठ साल की बेटी को खूंटी से बांधकर बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने के आरोपित पिता को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव बजाना खुर्द निवासी कपिल ने 14 मई, 2022 को गन्नौर थाना पुलिस को बताया कि वह शाम को गांव के जगन्ना उर्फ जयभगवान के घर के पीछे प्लॉट में लघुशंका को आया तो उन्हें एक बच्ची के रोने की चीख सुनाई दी थी। उन्होंने जगन्ना के घर में झांककर देखा तो जगन्ना अपनी बेटी तमन्ना (8) को खूंटी से बांधकर डंडे से पीट रहा था। उसके हाथ में प्लास भी था। वह बच्ची को बचाने के लिए गांव के बलराज के उसके घर गया तो जगन्ना बच्ची को घसीट कर कमरे में ले जा रहा था।
उन्होंने बच्ची को छुड़वाने के बाद देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

# कार्यस्थल के माहौल को बनाए रखने में सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: गुप्ता



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एमएचयू कुलपति सुधीर** राजपाल के मार्गदर्शन में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय द्वारा कार्यस्थल के भीतर यौन उत्पीडन. की रोकथाम और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमएचयू की छात्र कल्याण निदेशक प्रोण रंजन गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डा. अनीता यादव (प्रो. बायोटेक्नोलॉजी, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय) ने विशेष तौर से शिरकत की। अपनी व्यापक विशेषज्ञता और गहन अंतर्दृष्टि के साथ, डॉ. अनीता यादव ने इस महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके संबोधन ने यौन उत्पीडन.की घटनाओं से निपटने और रोकने में सक्रिय उपायों के महत्व को रेखांकित किया। डॉण अनीता यादव की प्रस्तुति न केवल दर्शकों को पसंद आई बल्कि सम्मान, समावेशिता और उत्पीडन. के प्रति शून्य सहनशीलता की संस्कृति स्थापित करने के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता को भी प्रेरित किया।
प्रो. रंजन गुप्ता ने पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और गरिमा और समानता को बढ़ावा देने वाले कार्यस्थल के माहौल को बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। डॉ. उमा प्रजापति ने कार्यक्रम का समन्वय किया और सार्थक संवाद और चिंतन के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देते हुए विभिन्न गतिविधियों और चचाओं का निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित किया।
**पोस्टर प्रतियोगिता में दीपिका यादव ने पाया प्रथम स्थान**
इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया और इसमें दीपिका यादव ने प्रथम पुरस्कार, कांता ने द्वितीय पुरस्कार और प्रियांसी ने तृतीय पुरस्कार जीता। एमएचयू में यौन उत्पीडन. रोकथाम सप्ताह एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के संस्थान के समर्पण का प्रमाण है, जो अपने सभी सदस्यों की भलाई और सुरक्षा को महत्व देता है।

# डॉ एम एम रावत सर्वसम्मति से चुने गए आईएमए नारनौल के नए प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन आईएमए नारनौल की वर्ष 2024 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन गत दिवस आईएमए की बैठक के दौरान किया गया। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल मलिक एवं सिविल सर्जन डॉ रमेश आर्य की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी के बारे में संगठन के सभी डॉक्टर्स के साथ चर्चा की गई। जिसमें सर्व सम्मति से डाक्टर एम एम रावत को आईएमए नारनौल का नया प्रधान चुना गया। वहीं डॉ दीपक सिंघल को सचिव एवं डॉ रामगोपाल गर्ग को कोषाध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी के गठन पर सभी डॉक्टर्स ने उन्हें बधाई दी तथा नई कार्यकारिणी सदस्यों ने पूर्ण निष्ठा, लगन व मेहनत से संगठन की भलाई के लिए कार्य करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर आईएमए नारनौल के संरक्षक डॉ रोहिताश्व यादव, पूर्व प्रधान डॉ राज कुमार शर्मा, पूर्व सचिव डॉ एस एस यादव ,कोषाध्यक्ष डॉ दीपक सिंघल एवम डॉ ओ पी यादव सहित आईएमए के सभी चिकित्सक उपस्थित थे।



## न्यूज फ्लैश

### बड़वासनी पुलिया पर जाम की स्थिति दूर करने के लिए उपायुक्त ने किया कमेटी का गठन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**बड़वासनी** पुलिया पर जाम की समस्या का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने समस्या के समाधान के लिए कमेटी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि गठित की गई कमेटी जाम की समस्या का हल खोजने के साथ स्थाई समाधान के लिए कदम बढ़ायेगी। कमेटी से सुझाव भी मांगे गए हैं, ताकि शीघ्रातिशीघ्र जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलवाई जा सके। पिछले कुछ समय से गोहाना रोड स्थित बड़वासनी पुलिया पर जाम की समस्या देखने को मिली है, जिसका उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने तुरंत प्रभाव से समस्या को दूर करने के लिए प्रयासों को गति दी है। इसके लिए उन्होंने एसडीएम सोनीपत की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है, जिसमें डीसीपी (वेस्ट) को विशेष रूप से शामिल किया गया है। प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी मिलकर समस्या का समाधान खोजेंगे, जिसमें विभागीय अधिकारियों का विशेष सहयोग लिया जाएगा। उपायुक्त ने कमेटी के गठन के साथ निर्देश दिए कि कमेटी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ जाम की समस्या से निपटने के लिए तालमेल के साथ आगे बढ़े। एनएचएआई, आरटीए तथा पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर बड़वासनी पुलिया के जाम को खत्म करने का हल निकालें। इसके लिए उन्होंने कमेटी को एक सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि में कमेटी जाम की समस्या का पूर्ण समाधान निकालकर रिपोर्ट प्रेषित करें। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि लोगों को जाम के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसे दूर करने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। बड़वासनी पुलिया पर जाम की समस्या के समाधान में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जल्द ही समस्या का समाधान खोजकर उसे अमलीजामा पहनायेंगे। आम जनमानस को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए वे हर वक्त उपलब्ध हैं। सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### नगर निगम में सीएम फ्लाइंग ने की रेड



**करनाल/राजकुमार शर्मा**
**नगर निगम** में शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने रेड की। टीम नगर निगम द्वारा चलाए गए साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के कार्यों की जांच कर रही है। कहां-कहां सफाई हुई और कहां नहीं, टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। टीम ने निगम में संबंधित सफाई अभियान कार्य का रिकॉर्ड भी खंगाला और अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछताछ भी की। टीम द्वारा अब तक यह खुलासा नहीं किया गया कि छापेमारी के दौरान कहां पर खामियां मिली।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर पूरे हरियाणा में एक दिसंबर से 7 दिसंबर तक एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आज सीएम फ्लाइंग की टीम निगम का रिपोर्ट कार्ड चेक करने के लिए पहुंच गई। सीएम फ्लाइंग की टीम को आदेश मिले हैं कि निगम को सफाई का जो काम सौंपा गया था, वह अच्छी तरह से हुआ है या नहीं? साप्ताहिक अभियान के बावजूद भी कहीं पर कोई कचरा, सीएनडी वेस्ट या अन्य कोई हॉर्टिकल्चर वेस्ट तो नहीं पड़ा।
निगम के अधिकारी सुरेंद्र चोपड़ा ने बताया कि सफाई अभियान के लिए 3 जेसीबी, 11 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 80-90 सफाई कर्मचारियों के साथ उन स्थानों की सफाई की गई, जहां पर सबसे ज्यादा गंदगी थी। अलग-अलग सेक्टर और कॉलोनियों में सफाई टीमें पहुंची थी। चाहे वह सीएनडी वेस्ट हो या हॉर्टिकल्चर वेस्ट या फिर आम कचरा। सभी कचरे को शेखपुरा के पास डंपिंग प्लांट में डाला गया है और हॉर्टिकल्चर वेस्ट को फूसगढ़ के पास डाला गया है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने सेक्टर-7 व 13 में पहुंचकर सफाई का जायजा लिया। टीम ने निगम कर्मचारियों की कार्यप्रणाली भी देखी। इसी दौरान जेसीबी द्वारा कचरा उठाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में डाला गया। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों की माने तो वह यह देखना चाह रहे हैं कि क्या नगर निगम ने सफाई अभियान के दौरान अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाई है या नहीं।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाने के लिए करें कार्य : आचार्य

## घरौंडा में एक निजी स्कूल के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुजरात** के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि हमें बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कारवान बनाने के लिए भी कार्य करना चाहिए, तभी वे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की तरक्की में भागीदार बनेंगे।
राज्यपाल अचार्य देवव्रत शुक्रवार को करनाल के घरौंडा में स्थित एक निजी स्कूल के कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे थे।
इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि मानव




जीवन को उन्नति की तरफ ले जाने के लिए शिक्षा का अहम योगदान है। हमें बच्चों को संस्कारित व उत्तम शिक्षा देनी चाहिए। इससे न केवल बच्चे का विकास होगा, बल्कि परिवार, देश व समाज के लिए भी यह बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि भौतिक रूप से हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं लेकिन हमारे आदर्श और हमारी परंपराओं को संभालकर रखने की जरुरत है। इन आदर्शों और परंपराओं को हमारे देश की युवा पीढ़ी ही संभालकर रखेगी।

**भारतीय जीवन मूल्य हमारी धरोहरः** राज्यपाल ने कहा कि भारतीय जीवन मूल्य हमारी धरोहर है। पहले हम संयुक्त परिवार में रहते थे, एक दूसरे के सुख-दुख की बात करते थे। आभाव में रहकर भी चैन की नींद लेते थे और सुखी जीवन जीते थे। इस बनावटी जीवन में सुख नहीं है। हमें अपने जीवन मूल्यों को ध्यान में रखकर अपने बच्चों को संस्कार देने हैं, ताकि हमारे बच्चे सामाजिक, राष्ट्रीय जिम्मेदारी का निर्वहन कर सके। उन्होंने कहा कि आज आर्य स्कूल घरौंडा जैसे कुछ शिक्षण संस्थान शैक्षणिक शिक्षा के साथ-साथ विचारों की दृष्टि से संस्कारों से जुड़ी शिक्षा भी दे रहे हैं, जिससे हमारे बच्चे वैचारिक दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं।

**हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही बेटियांः** आचार्य देवव्रत ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आज हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही हैं। एक जमाना था जब बेटियों को पढ़ाई से वंचित रखा जाता था।

# मोदी की गारंटी वाली यात्रा पहुंची गांव-गांवः अर्चना गुप्ता




**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारतीय** जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने शुक्रवार को समालखा खंड के गांव करहंस में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वाली यात्रा है जो पात्र लोगों को लाभ देने के लिए गांव-गांव में पहुंची है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गांव में पहुंचे सरकारी विभागों के साथ अपने से संबंधित योजनाओं की बारीकी से जानकारी लें और इनके लिए आवेदन भी करें। डॉ अर्चना गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह के सामने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल के बारे में विस्तृत जानकारी दी और योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने एडीसी वीना हुड्डा से अनुरोध किया कि अगले दिनों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में आधार कार्ड से संबंधित त्रुटि ठीक करवाने के लिए भी स्टॉल लगवाई जाए ताकि लोग अपने आधार कार्ड की गलतियों को भी दुरुस्त करा सकें।

# अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

## एक पिस्तौल, 17 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन व एक फॉर्च्यूनर गाड़ी बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन** की टीम द्वारा आरोपी बलिन्द्र कुमार पुत्र मलखान सिंह वासी गांव बसताड़ा को किसी वारदात को अंजाम देने की विश्वसनीय सूचना पर मयूर ढाबा करनाल के पास से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी सहित गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल 32 बोर, 17 जिंदा कारतूस व दो मैगजीन बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।
प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी खुलासा किया गया कि वह करनाल के ढाबे चलाने का काम करता है। वह उपरोक्त हथियार को किसी वारदात को अंजाम देने के लिए दो दिन पहले ही नरसी विलेज की रहने वाली अपनी भाभी से लेकर आया था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी पांच मामले लडाई-झगड़े के तहत दर्ज हैं। इन मामलों में आरोपी गिरफ्तार हो चुका था और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था।
आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दौराने रिमांड आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस महिला से आरोपी हथियार लेकर आया था, उसको गिरफ्तार करके मामले के अन्य तथ्यों का खुलासा किया जाएगा।

### बच्चों को दी गई पोक्सो एक्ट की जानकारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** बाल संरक्षण इकाई करनाल के सौजन्य से बांसो गेट के सरकारी स्कूल में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रोटेक्शन ऑफिसर सुमन नैन ने बच्चों को पोक्सो एक्ट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों जानकारी दी कि यदि कोई बच्चा मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है तो उसकी शिकायत कहां और कैसे करवा सकते हैं। इस अवसर पर पूनम श्योरायण द्वारा बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम तथा 1098 नंबर की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बच्चों को मोबाइल फोन से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे आंखों पर असर पड ?ा तथा मानसिक रूप से बच्चे पर प्रभाव पड ?ा तथा मोबाइल पर होने वाले साइबर क्राइम के बारे में बताया गया।

# मंडल आयुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए बनाए गए बूथों का किया निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** मंडल आयुक्त डॉ. साकेत कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में जिले के असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत कई मतदेय स्थलों पर लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शुक्रवार को असंध विधानसभा क्षेत्र के धनौली गांव व असंध शहर के राजकीय स्कूलों में बने बूथों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुसार 9 दिसंबर तक वोटों के पुनरीक्षण कार्य का विशेष अभियान चलाया हुआ है। सभी



बीएलओ सम्बन्धित बूथ पर बैठकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य संपादित करेंगे। उन्होंने उन्होंने सभी बूथों सबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देशित दिए कि कल शनिवार को अंतिम दिन घर से निकलकर मतदान केन्द्रों पर संचालित पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण कर बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने बीएलओ को शहर व ग्राम के सभी घरों में भ्रमण कर छूटे हुए महिलाओं, लड़कियों सहित मतदाता सूची में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाले शत-प्रतिशत लोगों को वोटर बनाने के निर्देश दिये।

# स्मार्ट सिटी मिशन के तहत तेजी से बढ़ रहा स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर : यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाडि ?ों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा। इसके अलावा कर्ण स्टेडियम में होस्टल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस होस्टल में 76 कमरे बनाए गए हैं, जिनमें से 44 कमरे पुरूष खिलाड़ी तथा 32 कमरे महिला खिलाडि ?ों के लिए



बनाए गए हैं। इसके बनने से करीब 152 खिलाडि ?ों के ठहरने की एक अच्छी व्यवस्था उपलब्ध हो जाएगी।
उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने उक्त नवनिर्मित हॉकी स्टेडियम व होस्टल के बेहतरीन संचालन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को जिला खेल अधिकारी व कोचिज के साथ विचार विमर्श किया और उनसे सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि हॉकी स्टेडियम का बढि ?ा तरीके से रख-रखाव करने, खिलाडि ?ों को बेहतरीन प्रशिक्षण देने जैसी मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। इसी प्रकार से कर्ण स्टेडियम में नवनिर्मित होस्टल के संचालन को लेकर भी उक्त अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि खिलाडि ?ों को अच्छी डाइट उपलब्ध हो, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम, साफ-सफाई को विशेष प्रबंध तथा उनके ठहरने के साथ-साथ अनुशासन का भी पूरा ध्यान रखा जाए।
बता दें कि उपायुक्त अनीश यादव के नेतृत्व में करनाल शहर में स्मार्ट सिटी के प्रोजैक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और सभी प्रोजैक्टों पर नजर बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्टर 32 स्थित इन्डोर स्पोर्टस कॉम्पलैक्स का कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा खेल सुविधाओं की कड़ी में कर्ण स्टेडियम में मल्टी पर्पज हॉल, स्टेज बिल्डिंग, एडमिन ब्लॉक व जिनास्टिक हॉल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।
इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के जनरल मैनेजर रामफल सिंह, जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन तथा सभी कोचिज मौजूद रहे।

### पेट दर्द के बाद महिला की मौत



**करनाल/राजकुमार शर्मा**
**जिले** के गांव ऊंचा समाना में महिला की घर में रखी पेन किलर खाने के बाद मौत हो गई। परिवार का कहना है कि गुरूवार को महिला के पेट में दर्द हुआ। उसने घर में रखी दर्द निवारक दवा खा ली। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।
प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय सीमा की शादी 10 साल पहले शमशेर के साथ हुई थी। गुरुवार दोपहर को सीमा को अचानक पेट में दर्द हुआ था। पति शमशेर ने बताया कि वह काम पर गया हुआ था। जैसे ही उसे सूचना मिली तो वह तुरंत घर पहुंचा और गांव के ही मुकेश नाम के डॉक्टर को बुलाया।
जिसने उसकी हालत को देखते हुए कहा कि सीमा की हालत काफी गंभीर है, इसे अस्पताल लेकर जाओ। शमशेर ने बताया कि सीमा की तबीयत ज्यादा खराब होते देख वह बाइक पर ही उसे प्राइवेट अस्पताल ले गया। वह मधुबन के पास अस्पताल में गए।
वहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। गुरूवार देर शाम को ही महिला ने दम तोड़ दिया।
मधुबन थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को महिला के शव का पोस्टमॉर्टम करवा उनके हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता लग पाएगा।

### शराबी ने अपने ही घर में लगाई आग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव पुंडरी में एक व्यक्ति ने शराब पीकर अपने ही घर में आग लगा दी। यहीं नहीं उसने पत्नी व बच्चों के साथ बुरी तरह मारपीट भी की। पत्नी का कान फाड़ दिया। पीड़िता ने डायल 112 को सूचित किया। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची।
पडोसियों ने बताया कि आरोपी नशे का आदी है और नशे की हालत में अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता है। गुरुवार को भी वह बच्ची को मार रहा था। जिसके हाथ में से बच्ची को छीना और सुरक्षित स्थान पर ले गए। फिर उसने घर में आग लगा दी। आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। गैस सिलेंडर के कारण कोई बड़ा हादसा न हो जाए, इसलिए सबसे पहले गैस का सिलेंडर बाहर निकाला गया। आगजनी की इस घटना में बेड, कपड़े, अलमारी, खाद्य सामग्री व अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया।

# योग करें और कई बिमारियों से रहे दूरः दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय गेहूं** एवं जौ अनुसंधान संस्थान में आईसीएआर और आईएआरआई मेगा विश्वविद्यालय करनाल हब में देश के विभिन्न राज्यों से आए स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) एवं विद्या वचनस्पति (पीएचडी) के लगभग पैंतीस छात्र छात्राओं ने योग कक्षा में भाग लिया।
संस्थान के निदेशक डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में योग के महत्व के बारे में बताया कि आजकल तेजी से बदलती जीवन शैली में हम



सभी को आत्मनिर्भर और स्वस्थ बने रहने की नितांत आवश्यकता है। योग एक ऐसा साधन है, जो हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य की समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करता है। यह शिक्षा के क्षेत्र में संतुलन, सहयोग और समर्पण की भावना भी प्रदान करता है।
मुख्य अतिथि योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग पर विशेष चर्चा करते हुए इसके विभिन्न आयामों तथा संकल्पपूर्वक योग को नियमित रूप से करने पर होने वाले स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योग हमारे शरीर को लचीलापन एवं मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ रक्त संचार को सुधारने में मदद करता है। मानसिक चंचलता व चिंता को कम करते हुए आत्म विकास को मजबूती प्रदान करने में सहायक है। सभी छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी योग को अपना कर अधिक उत्साही एवं आत्मविश्वास के साथ स्वस्थ एवं सुजीवन जी सकते हैं।

# 'विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व की ताक़त को पहचान कर करें लक्ष्य निर्धारण'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल के** अलग-अलग स्कूलों से होती हुई देश की बात अभियान की टीम आज रेलवे रोड स्थित एसबीएस मॉडर्न स्कूल में पहुँची और विद्यार्थियों से उनके बेहतर भविष्य व व्यक्तित्व विकास पर चर्चा की। दो माह के अभियान में लगभग 1.5 लाख विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने जा रहे इस अभियान की शुरूआत सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा की गई है और जेनेसिस क्लासेज, प्रथम, सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स व कानन इंटरनेशनल का इसमें विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।



आज के आयोजन में विद्यालय प्रबंधक कमेटी के महासचिव एडवोकेट जीपी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। प्रिंसिपल डॉ. हरजीत कौर ने कहा कि आज के समय में बच्चों को जीवन पथ पर आगे बढ? के लिए सही मार्गदर्शन मिलना बेहद महत्वपूर्ण है और निफा का यह अभियान इस दिशा में एक सार्थक कदम है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए।
एसबीएस स्कूल की अध्यापिका मीनाक्षी सहगल ने मंच संचालन करते हुए निफा के इस अभियान की प्रशंसा को कविता के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश की बात आओ करें देश की बात निफा लाया अद्भुत सौगात चर्चा होगी, होगा जिक्र हालात देश को आगे बढ़ाने की होगी बात।
उल्लेखनीय है कि 26 नवम्बर से 26 जनवरी-देश की बात नाम से आयोजित किए जा रहे इस अभियान में जहाँ विद्यार्थियों को सफल, सक्षम व जिम्मेदार इंसान बनने के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी दी जा रही है, वहीं मेरे सपनों का भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता करवाकर उनकी छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास भी किया जा रहा है।
इस अभियान के मुख्य सूत्रधार व मुख्य वक्ता निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने आज विद्यार्थियों को निजी जिंदगी के अनुभवों को बताते हुए उन्हें अपने व्यक्तित्व की ताक़त को पहचान कर लक्ष्य निर्धारण करने की सलाह दी।
सभी विद्यार्थियों को अपना अपना स्वॉट परीक्षण करने की तकनीक बताई गई, जिसके माध्यम से वो अपनी ताक़त, कमजोरियों, भविष्य में उपलब्ध अवसरों व लक्ष्य प्राप्ति में आने वाली मुश्किलों का पहले से अवलोकन कर सकते हैं और बेहतर तरीके. से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# यात्रा के दौरान दी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत नीलोखेड़ी हलके के सुल्तानपुर तथा असंध के पधाना गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यात्रा को देखने के लिए गांव में बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े व युवा पहुंचे और सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाली गारंटी गाड़ी का जोरदार स्वागत किया।
यात्रा के दौरान आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में सुल्तानपुर गांव में नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी तथा पधाना गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा व असंध के पूर्व विधायक बक्शीश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी अपनी समस्याओं को रखा, जिनमें से ज्यादातर समस्याओं का मौके पर निदान किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति की कविताएं, सामूहिक व एकल नृत्य प्रस्तुत करके ग्राम वासियों का मन मोहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा विकसित भारत की शपथ भी ग्रामीणों को दिलाई गई।
कार्यक्रम में पहुंचे जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, भगवान दास कबीर पंथी व बक्शीश सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया गया। सुल्तानपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो सम्मान शहीदों के परिजनों को मोदी सरकार ने दिलाया है इससे पूर्व किसी भी सरकार ने नहीं दिलाया।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर वर्ग के उत्थान को लेकर योजनाएं बनाई है जिनका हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंच रहा है।

## संपादकीय

# जम्मू कश्मीर में परिर्वतन की बयार

**बीते** दिनों संसद केशीतकीन सत्र के दौरान लोकसभा में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन और जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयकों को ध्वनि-मत से पारित किया गया। विपक्ष ने वॉकआउट किया। जम्मू-कश्मीर का जिक्र होगा, तो नेहरू और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी याद किया जाएगा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने कश्मीर के संदर्भ में दो ह्यभयंकर गलतियांह्न यानी ब्लंडर की थीं। भारत की आजादी के कुछ माह बाद ही कबाइलियों यानी पाकिस्तान की मुखौटा फौज ने कश्मीर पर हमला कर दिया था। अभी युद्ध जारी था और हमारी सेनाएं जीत रही थीं। पूरे कश्मीर पर भारत का कब्जा होने ही वाला था कि प्रधानमंत्री नेहरू ने युद्धविराम की घोषणा कर दी। नतीजतन कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में ही रहा। वह उसे ह्यआजाद कश्मीरह्न कहता है, लेकिन भारत उस पीओके को अपना हिस्सा मानता है। संसद में इस आशय के प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं। दूसरी भयंकर गलती यह थी कि नेहरू कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में ले गए, लिहाजा आज भी कई देश इसे ह्यअंतरराष्ट्रीय मसलाह्न करार देते हैं। इसके अलावा कश्मीर का आयाम यह था कि ह्यजनसंघह्न के संस्थापक बनने से पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की पहली कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री थे। कश्मीर के मुद्दे पर उन्होंने आंदोलन खड़ा किया था कि कश्मीर में भी ह्यएक विधान, एक निशान, एक प्रधानह्न की व्यवस्था होनी चाहिए। उस दौर में शेख अब्दुल्ला कश्मीर के प्रधानमंत्री थे और कश्मीर का संविधान तथा ध्वज भी भारत से अलग थे। उस अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को संसद के जरिए समाप्त किया। सरकार की तरफ से संसड में पेश जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 से घाटी में आरक्षण का रूप बदला जाएगा। यह बिल जम्मू और कश्मीर आरक्षण अधिनियम, 2004 में संशोधन करता है। अधिनियम अनुसूचित जाति जातियां, अनुसूचित जनजातियां और अन्य सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के सदस्यों को नौकरियों और व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण प्रदान करता है। वहीं जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करता है। 2019 अधिनियम ने जम्मू और कश्मीर विधानसभा में सीटों की कुल संख्या 83 तय करने के लिए 1950 अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन किया था। इसमें अनुसूचित जाति के लिए छह सीटें आरक्षित की गईं थी। अनुसूचित जनजाति के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं की गई। वहीं इस बिल में सीटों की कुल संख्या बढ़ाकर 90 कर दी गई है। यह अनुसूचित जाति के लिए सात सीटें और अनुसूचित जनजाति के लिए नौ सीटें भी आरक्षित करता है। इसके साथ ही अब जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल कश्मीरी प्रवासी समुदाय से अधिकतम दो सदस्यों को विधानसभा में नामांकित कर सकते हैं। नामांकित सदस्यों में से एक महिला होनी चाहिए। विधेयक में यह भी कहा गया है कि उपराज्यपाल पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित कर सकते हैं। लोकसभा में इन दोनों बिलों को लेकर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में आतंकवाद की वजह से लोगों ने बहुत कुछ सहा है। तमाम लोगों को अपने घर और व्यवसाय छोड़कर भागना पड़ा।

# सिद्ध करनी होगी मानवाधिकार दिवस की सार्थकता

रमेश सर्राफ धमोरा

"राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं"




**मानव** अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2023 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी है। इसीलिए इस बार 2023 में मानवाधिकार दिवस की थीम सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय है। इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है।

भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है। भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23,24,39, 43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है। इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं।

पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मों-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं। इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीडन पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकार अधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाये गए और उनको लागू करने या करवाने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजी दस्तावेज बन कर रह गए हैं।

समाज में मानवाधिकारों के होने वाले उल्लंघन के प्रति अगर मानव ही जागरूक नहीं है तो फिर इनका औचित्य क्या है? देखे तो पता चलेगा की कितने मानवाधिकारों का हनन मानव के द्वारा ही किया जा रहा है। मानव के द्वारा मानव के दर्द को पहचानने और महसूस करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है। अगर हमारे मन में मानवता है ही नहीं तो फिर हम साल में पचासों दिन ये मानवाधिकार का झंडा उठा कर घूमते रहें कुछ भी नहीं किया जा सकता है। सरकार भी मानवाधिकारो का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती है। मगर सरकारी स्तर पर शख्त कार्यवाही अमल में नहीं लायी जाती है। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।

## कविता

हम समझे हैं दरिया जिसे सहरा तो नहीं है
तुम समझे हो सहरा जिसे दरिया तो नहीं है
आखिर ये मुझे जीने के लाले हैं पड़े क्यूँ
तू जिन्दगी अपनी मुझे कहता तो नहीं है
तू देख जरा खुद को के तू इस में है मौजूद
या इश्क में तन मन तेरा अगवा तो नहीं है
मरने का मुझे डर नहीं बस फिक्र है इतनी
कोई यहाँ वाला वहाँ मिलता तो नहीं है
वो बाँटता रहता है हर इक लब को तबस्सुम
वो दर्द के दरियाओं में डूबा तो नहीं है
बस जाऊँगा दिल में तेरे पर इतना बता दे
इस घर में कोई पहले से रहता तो नहीं है
रहते हैं सदा साथ तेरी यादें तेरे ख़्वाब
दीवाना तेरा आज भी तन्हा तो नहीं है
फिर भी मेरी बीमारियां उस से हैं शिफायाब
हर चंद वो पेशे से मसीहा तो नहीं है
जिस दर्जा थी रंगीनों- पुर अंदाज "जकी" रात
उतना हसीं भरपूर सवेरा तो नहीं है

जकी तारिक बाराबंकवी

# "दिलों में राज करेंगे जूनियर महमूद "

**जूनियर** महमूद इनका नाम जब भी सुनते हैं तो इनकी वो बाल छवि सामने आ जाती है। बेहद खुश मिजाज इंसान थे जूनियर महमूद जी। इन्होंने बाल कलाकारों में अपनी एक उम्दा पहचान बनाई और खुद एक दिग्गज कलाकार के रूप में कई दिग्गज कलाकारों के साथ इन्होंने काम किया था। कैंसर से जूझ रहे दिग्गज अभिनेता जूनियर महमूद का गुरुवार रात 67 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई में अपने घर पर आखिरी सांस ली।

जूनियर महमूद ने उस दौर में तकरीबन सभी सितारों के साथ लगभग 265 फिल्मों में काम किया।

जूनियर महमूद की परवरिश एक बहुत ही साधारण परिवार में हुई। उनका जन्म 15 नवंबर 1956 को मुंबई की वडाला रेलवे कालोनी में हुआ। उनके पिता मसूद अहमद सिद्दीकी रेलवे में इंजन ड्राइवर का काम किया करते थे और उन्होंने उनका नाम मोहम्मद नईम सैय्यद रखा। उनके कैरियर की शुरूआत उनके बड़े भाई के शौक से हुई। बड़े भाई मोहम्मद बिलाल फिल्मों में स्टिल फोटोग्राफी करते थे। वह मिमिक्री आर्टिस्ट भी कमाल के थे और उनको एक्टिंग का बहुत शौक था। जब वह शूटिंग से आते थे तो सभी एक्टर्स के बारे में बातें करते थे। उनकी बातें सुनकर वे सोचा करते थे कि उन्हें कब इन सितारों से मिलने का मौका मिलेगा। और, एक दिन उन्होंने अपने बड़े भाई से कहा कि कभी मुझे भी शूटिंग दिखाने के लिए ले चलो। बस फिर वहीं से उनकी किस्मत में चार चाँद लग गए। एक बाल कलाकार अपने डायलॉग बार बार भूल रहा था। उसे जूनियर महमूद ने चुटकियों में बोल गए। एक ही शॉट में उन्होंने कमाल का डायलॉग बोला तो सब ताली बजाये बिना नहीं रह सके। और उन्हें अपने कार्य के पाँच रुपये मिले जो उस जमाने में बहुत ज्यादा होते थे। उस समय वो आठ साल के थे। "हम काले है तो क्या हुआ दिलवाले है।" इस गाने में उन्होंने डांस करके इंडस्ट्री में अपनी एक पहचान बना लिए। महमूद जी ने अपने नाम से ही जूनियर महमूद नाम दिया। और जूनियर महमूद को महमूद जी ने अपना शागिर्द बना लिया।

साल 1968 में शम्मी कपूर और मुमताज के साथ फिल्म 'ब्रह्मचारी' में काम करने का उन्हें मौका मिला। ब्रह्मचारी फिल्म से उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद 'दो रास्ते', 'आन मिलो सजना', 'कटी पतंग', 'हाथी मेरे साथी' और 'कारवां' जैसी कई फिल्मों में उन्होंने काम किया।उनकी ज्यादातर फिल्में सिल्वर जुबली रहीं। जूनियर महमूद हमेशा दिलों में राज करते रहेंगे।

## विचार

# घर भी बनता जा रहा है प्रदूषण का केन्द्र

**विजय गर्ग**

बात थोड़ी विचित्र अवश्य लग सकती है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। इसकी गंभीरता को इससे समझा जा सकता लेसेंट की रिपोर्ट में 2019 में देश में एक लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म से एक माह के दौरान घरेलू प्रदूषण के कारण हुई है। आधुनिक जीवन शैली और घरों में प्रदूषण के कारक उत्पादों की प्रमुखता इसका कारण है। महिलाओं और बच्चों में डस्ट एलर्जी तो आम होती जा रही है। जरा-सी गंदगी या धूल-मिट्टी से सामना हुआ कि छींक पर छींक, नाक टपकना और यहां तक कि श्वांस लेने में दिक्कत तो आम होती जा रही है। ऐसे में समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डिओ, शेंपू, मच्छर मारने की दवाएं जैसे अनेक उदाहरण होने के साथ ही सोफा, कालीनों में जमी धूल भी बड़ा कारण बनती जा रही है। प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। माइक्रो लेवल पर कोई भी बात की जा सकती है पर हमारे घर व मकान में फैल रहे प्रदूषण और उसके कारण होने वाले जानलेवा दुष्परिणामों की और लेसेंट जर्नल की रिपोर्ट आंख खोलने के लिए काफी है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू प्रदूषण के चलते हमारे देश की ही बात की जाय तो 2019 में 16 लाख 70 हजार लोगों की असमय मौत का कारण वायु प्रदूषण ही रहा है। इनमें 6 लाख 10 हजार लोगों को घरेलू प्रदूषण के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा वहीं इनमें एक लाख 16 हजार तो बच्चे ही हैं। यह तो 2019 के आंकड़े हैं। आज के हालात सुधार के ना होकर इससे अधिक ही चिंतनीय है। ऐसे में घरेलू प्रदूषण के खतरे से बचाव के लिए ठोस प्रयास किया जाना समय की आवश्यकता है।

देखा जाए तो हमारे घर में दिन प्रतिदिन काम में आने वाली वस्तुएं ही प्रदूषण का कारण बन रही हैं। हालांकि अब रसोई यानी की खाना पकाने के लिए घर-घर में गैस की पहुंच हो गई है और लकड़ी कोयला के कारण होने वाले प्रदूषण से लगभग निजात मिल चुकी है। पर प्रदूषण के अन्य कारण तैयार हो गए हैं।

घरेलू प्रदूषण के दुष्प्रभाव को इस मायने में देखा जा सकता है कि अस्थमा और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण यह घरेलू प्रदूषण बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण एलर्जी होना तो आम बात है। महिलाओं और बच्चों को डस्ट एलर्जी होना या अन्य किसी से एलर्जी होना आम होता जा रहा है। दरअसल, हमारे घर की दैनिक उपभोग की वस्तुएं ही किसी ना किसी कारण से प्रदूषण का कारण भी बन जाती है। इनमें से अधिकांश तो अनजाने में होती है। दरअसल अवेयरनेस के कारण या हमारी जीवन शैली भी इसका एक कारण है। घर में मच्छर मारने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी मच्छाररोधी दवा भी घरेलू प्रदूषण का प्रमुख कारण है तो दूसरी और घरेलू साज-सज्जा सामग्री में फर्नीचर, लकड़ी का सामान, चटाईयां, कालीन आदि की समय पर साफ सफाई नहीं होने से यह प्रदूषण का कारक बन जाते हैं। इसी तरह पूजा में काम ली जाने वाली धूपबत्ती, अगरबत्ती, धूम्रपान, महिलाओं के कास्मेटिक उत्पाद, केमिकल युक्त शेम्पू आदि, पोछा लगाने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी के साथ घरों में उपयोग किये जाने वाले केमिकल पेंट, रंग-रोगन में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद भी प्रदूषण और एलर्जी के प्रमुख कारक बनते जा रहे है।

ग्रामीण क्षेत्र में रोजमर्रा के काम में प्रदूषित ईंधन बड़ा कारण है। प्लास्टिक का अधिकतम उपयोग, ओवन ओटीजी, आरओ आदि उपयोगी वस्तुएं भी प्रदूषण का कारण बनती जा रही है। इसके साथ ही फ्रीज में ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिनका फ्रीज में उपयोग नहीं किया जाना भी एक कारण है। देखा जाए तो घरेलू प्रदूषण के कारक हमारे रोजमर्रा के काम आने वाली वस्तुएं ही हैं। सामान्य तौर पर हम इनके दुष्प्रभावों से अधिकांशतः तो अनभिज्ञ रहते हैं। अब अगरबत्ती या धूपबत्ती या मच्छररोधी दवा आदि में उपयोग में होने वाले केमिकल एलर्जी का प्रमुख कारण बन जाते हैं। दरअसल उत्पादों की गुणवत्ता और उनमें उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर काफी कुछ निर्भर करता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका का अप्रत्यक्षित दंडात्मक कदम

**गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर सर्वादित है कि 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजराइल में पश्चिमी देश पूरी तरह से इजरायल केसमर्थन में तो वहीं रूस यूक्रेन युद्ध में भी पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ रहे हैं। इन दोनों युद्ध से दुनियां तीन खेलों में बट गई है। पक्ष विपक्ष और न्यूट्रल, ऐसे में इसका प्रभाव संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सभाओं व चुनाव में देखने को मिला है, जिसमें भारत ने पूरी तरह से न्यूट्रल नीति अपना रखी है। इजराइल हमास युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ होते हुए भी दिनांक 6 दिसंबर 2023 को अमेरिका विदेश मंत्रालय ने एक अहम जानकारी साझा की जिसमें इजरायल के खिलाफ ठोस अप्रत्यक्ष दंडात्मक कदम उठाया गया है। जिसपर इसराइल सहित पूरी दुनिया हैरान है। याने वेस्ट बैंक पर वीजा प्रतिबंध नीति जो शांति सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने वालों पर लागू होगी। चूंकि अमेरिका द्वारा इजराइल के खिलाफ अप्रत्यक्षित दंडात्मक कदम की मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका ने वेस्ट बैंक में शांति सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वालों पर वीजा प्रतिबंध लगाया। साथियों बात अगर हम वेस्ट बैंक पर नई वीजा प्रबंध नीति की करें तो, ब्लिंकन ने कहा कि विदेश विभाग एक नई वीजा प्रतिबंध नीति लागू कर रहा है, जिसमें ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे वेस्ट बैंक में शांति, सुरक्षा या स्थिरता को कमजोर करने में शामिल थे। इसमें जिसमें हिंसा के कृत्य करना या अन्य कार्रवाई करना शामिल है, जो आवश्यक सेवाओं और बुनियादी जरूरतों तक नागरिकों की पहुंच को अनुचित रूप से प्रतिबंधित करते हैं वेस्ट बैंक हिंसा में अमेरिका सख्त होते हुए वेस्टबैंक में हिंसा में शामिल नगरों को के वीजा पर लगाया बयान अमेरिका ने हिंसा में शामिल लोगों का वीजा प्रतिबन्ध लगना शुरू किया है। अमेरिकी प्रशासन ने कहा व्यक्तिगत वीजा प्रतिबंधों की घोषणा नहीं की थी वेस्ट बैंक में बसने वाले दर्जनों यहूदियों और उनके परिजनों को प्रभावित कर सकते हैं। अमेरिका ने वेस्ट बैंक में हिंसा करने वाले यहूदियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का एलान किया है।

# "नास्तिकतावाद" पर गोष्ठी संपन्न

**वैदिक** प्रवक्ता आचार्य अतुल सहगल ने कहा कि नास्तिकतावाद सत्य,ज्ञान और यथार्थ से परे हैं।उन्होंने कहा कि जब ईश्वर परम सत्य है तो नास्तिकतावाद मिथ्या धारणा के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है और वेद के अधिकांश मन्त्र ईश्वर की बात ही करते हैं और उसे ब्रह्माण्ड का कर्त्ता,धर्ता और नियंता बताते हैं।अनेक मन्त्र ईश्वर को परम सत्ता मानते हुए उसका ही गुणगान करते हैं तो फिर नास्तिकतावाद वेद विरुद्ध अवधारणा के अतिरिक्त और क्या है?साथ ही नास्तिकतावाद के प्रारम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि इसका उदगम चार्वाक दर्शन से हुआ जिसका प्रवर्तक प्राचीन काल में बृहस्पति नामक एक व्यक्ति था। यह दर्शन भौतिकवादी है और ईश्वर का खंडन करता है। यह लोकमय दर्शन कहलाता है क्योंकि यह जड़वादी है।वर्त्तमान समय के नास्तिकवादी लोग इसी दर्शन को पकड़े हुए हैं।आज विश्व में लगभग 15 प्रतिशत लोग नास्तिकवादी हैं जिसमें से सौ करोड़ लोग केवल चीन में रहते हैं। बड़े दुर्भाग्य की बात तो यह है कि नास्तिकतावाद का कीड़ा आज के युवा वर्ग को अधिक ग्रसित किये हुए है।इसके कारण युवा वर्ग भटक सा रहा है।जीवन में भौतिक सुखों को भोगना ही नास्तिकवादियों के लिए मुख्य और महत्वपूर्ण विषय है अन्य विषय गौण बन जाते हैं।इन सब बातों को सामयिक परिपेक्ष्य में वक्ता ने कहा कि नास्तिकतावाद मनुष्य को भौतिकता में जकड़ लेता है।इसका परिणाम प्रारंभिक और मध्यकाल में सुख हो सकते हैं पर अंततः दुख ही होते हैं।

आज नास्तिकतावाद से उत्पन्न कई विचारधारायें और संस्थाएं भी निर्मित हो चुकी हैं जो मानव के लिए अहितकर और अकल्याणकारी हैं।वामपंथ बढ़ोत्तरी पर है।वक्ता ने तत्पश्चात नास्तिकतावाद का प्रतिकार करने पर जोर दिया। यह कहा कि व्यापक और विस्तृत वेद प्रचार की और मौलिक मानवतावादी एवं ईश्वरवादी धारणाओं को प्रबल करने की आवश्यकता है ' वर्तमान समाज के कई उदाहरण देते हुए अपनी बातों की पुष्टि की। वेद प्रचार ही उन सब रोगों की औषधि है जो नास्तिक और अनीश्वरवादी विचारों से उत्पन्न हुए हैं। हमें ऋषि दयानन्द के बताये हुए मार्ग पर चलना है और उस मार्ग से भटके हुए जनों को उस मार्ग पर लाना है।

## न्यूज फ्लैश

### मोटर साइकिल सवार के साथ मारपीट कर सोने की चैन व नकदी छीनी

**गन्नौर।** कालेज से घर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार के साथ तीन लड़को ने मारपीट कर उसकी सोने की चैन व पांच हजार रुपये की नकदी छीन ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में घसौली गांव के दीपक ने बताया कि वह 7 दिसंबर की शाम को अपनी मोटरसाइकिल पर कालेज से घर आ रहा था। जब वह शाहपुर मोड के पास पहुंचा। इस दौरान तीन लड़को ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों ने उसके गले से सोने की चैन व पांच हजार रुपये की नकदी भी छीन ली और मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। इसके बाद उसने मोटरसाइकिल का पीछा भी किया, लेकिन वह भाग गए, लेकिन उसने आरोपितों की मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनीष कुमार का कहना है कि पुलिस मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपितों का पता लगाने में जुटी है। जल्द ही उनका पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### स्कूल से इन्वर्टर, बैटरी व सबमर्सिबल की मोटर चोरी

**गन्नौर।** बिलंदपुर गांव में चोर निजी स्कूल का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। स्कूल संचालक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में नयाबांस गांव के संदीप ने बताया कि वह बिलंदपुर गांव में बीएम मार्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का संचालन कर रहे हैं। 5 दिसंबर की सुबह जब वह स्कूल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्कूल के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। स्कूल के अंदर घुसे तो पता चला कि चोर स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, तीन बैटरियां व एक सबमर्सिबल की मोटर चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने स्कूल संचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### 10वीं कक्षा का छात्र स्कूल से लापता

**गन्नौर।** जफरपुर गांव से गढी झंझारा स्कूल पढ़ने गया 10वीं कक्षा का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। स्वजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए गन्नौर थाना में शिकायत दी है। शिकायत में जफरपुर गांव के अंकित ने बताया कि उसके ससुर सुमेर सिंह व उसकी साली का लड़का नीतिन पिछले 10 वर्ष से जफरपुर गांव में मंदिर के पुजारी के पास रह रहे थे। नीतिन गढी झंझारा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं कक्षा का छात्र है। नीतिन 6 दिसंबर की सुबह मोटरसाइकिल पर स्कूल गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अंकित ने नितिन का अपहरण होने की आशंका जताई है। पुलिस ने शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर छात्र नितिन की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोर हत्या मामले में कपड़े व वारदात में प्रयुक्त लोहे का कड़ा बरामद

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**गांधी** नगर में 17 वर्षीय किशोर की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपितों के कपड़े व वारदात में प्रयुक्त लोहे का कड़ा भी बरामद किया है। आरोपितों ने किशोर के साथ कूकर्म करने के बाद लोहे के कड़े से भी हमला किया था। जिससे किशोर लहुलुहान हो गया था। इस दौरान आरोपितों के कपड़े भी खून से सन गए थे। इसके बाद आरोपितों ने किशोर की गला दबा कर हत्या कर दी। पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद शनिवार को दोनों आरोपितों को अदालत में पेश करेगी। बता दें के गांधी नगर का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर 29 नवंबर को गुमड रोड स्थित गार्डन में शादी समारोह में गया था, जिसके बाद वह वापस नही लौटा। 4 दिसंबर को उसका शव अर्धनग्न अवस्था में सैनी कालोनी, गांधी नगर में खाली प्लाट में पड़ा मिला था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित जितेंद्र उर्फ लिली व उसके साथी गांधी नगर के सुरेंद्र उर्फ छमका को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि किशोर से रुपये छीने और कुकर्म करने के बाद उस पर कड़े से हमला करने के बाद उसकी गला दबा कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उन्होंने शव को खाली प्लाट में छोड़ कर चले गए थे।

### विधायक मोहनलाल बड़ौली ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव पतला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**राई/ टीम एक्शन इंडिया**

**जिला** में संचालित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच एक नई उमंग जगी है और अब लोगों की मुश्किलें आसान हो रही हैं। यात्रा के तहत गांव में ही लोगों के घर द्वार पर सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र नागरिको तक पहुंच रहा है। लगभग सभी गांवों में लोग अपना अनुभव सांझा कर रहे हैं। शुक्रवार को राई हलके के गांव पतला और बढखालसा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव पतला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक मोहनलाल बड़ौली ने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई।विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए सरकार ने परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। विधायक ने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को विकास की पंक्ति में आगे खड़ा करना भाजपा सरकार का लक्ष्य है।

# नायब विरेन्द्र राठी का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## नायक विरेन्द्र राठी को 5 दिसंबर की रात को यूपी के झांसी और ललितपुर के बीच स्टेशन के बीच ट्रेन से फेका, परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग, पिता भी सेना में रह चुके, विरेन्द्र का भाई बड़ा भाई राजपाल भी सेना में दे रहा है सेवाएं





**गन्नौर/ टीम एक्शन इंडिया**

**गत** 5 दिसंबर की रात को यूपी के झांसी और ललितपुर के बीच जाट रेजीमेंट में नायक राजलू गढ़ी निवासी विरेन्द्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक नायक वीरेंद्र राठी का शव शुक्रवार की सुबह सेना 278 आर्मी मीडियम रेजीमेंट के वाहन में पैतृक गांव में पहुंचा। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों व युवाओं ने विरेन्द्र सिंह अमर रहे व भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके बाद सैन्य सम्मान के साथ नायक विरेन्द्र के शव को शैन्य सम्मान के साथ गांव से शमशान घाट तक ले जाया गया। शमशान घाट में दिल्ली से आई 278 मीडियम आर्मी रेजीमेंट के जवानों ने सुबेदार चन्द्रशेखर के नेतृत्व में गोरडिया प्रसाद, गुरू विनायक आदि ने सलामी दी। इसके बाद नायब विरेन्द्र राठी के शव के ऊपर से तिरंगे को पूरे सम्मान के साथ लपेटकर शहीद के पिता पूर्व जाट रेजीमेंट के सैनिक रामफल को सौंपा गया। इसके बाद गांव के विरेन्द्र के परिजनों, गणमान्य लोगो, सरपंच बिजेन्द्र राठी, मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के निदेशक एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने उनके शव पर पुष्पचक्र अर्पित किए। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार के समय विरेन्द्र राठी को यास्त्र उल्टा लटकाकर सेना के जवानों ने अंतिम सलामी दी।

**ट्रैनिंग सैंटर से वापिस लौटते समय विरेन्द्र को घायल के बाद ट्रेन से फेका, परिजनों का आरोप**



वहीं परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं और कहना है कि पहले वीरेंद्र राठी के साथ चलती ट्रेन में कहासुनी व झगड़ा करने के बाद ट्रेन में सवार महिला व पुरूषों ने उसे चलती ट्रेन से फेंक कर मौत के घाट उतार दिया गया। परिवार ने मामले में निष्पक्ष जांच करने आए की मांग की है। नायक वीरेंद्र राठी सेना में नायक के पद पर तैनात थे। फिलहाल उत्तर प्रदेश के बरेली में उनकी तैनाती थी और सेना के किसी कोर्स से वह पंचवटी गए थे। बीती 5 दिसंबर को पंचवटी से बरेली वापस आ रहे थे। इस दौरान झांसी और ललितपुर के बीच नायक वीरेंद्र राठी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



**विरेन्द्र की मां व पत्नी को बरेली में रेजीमेंट के स्टाफ कवाटरों में मिली मौत की सूचना:** नायक वीरेंद्र राठी की मां का कहना है कि वह अपने बेटे विरेन्द्र की पत्नी के साथ उनके डयूटी सैंटर में स्टाफ कवाटरों में थी।

उनके पास सेना के अधिकारी आए और उन्हें कहा गया कि वह अपना सामान उठाकर जल्दी चले, उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया है उन्हें 2 से 3 घंटे तक कुछ नहीं बताया गया और उसके बाद बताया गया कि उनका बेटा अब दुनिया में नहीं रहा है। परिवार इस मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग उठा रहा है।

**चार पुरूषों व दो महिलाओं ने मारपीट कर ट्रेन से फेंका : भाई राजपाल**

नायक वीरेंद्र राठी के बड़े भाई सेना के जवान राजपाल का कहना है कि राजधानी एक्सप्रेस में झांसी और ललितपुर के बीच उसका झगड़ा हुआ है। चार पुरुषों और दो महिलाओं ने उसके साथ मारपीट की और ट्रेन से फेंका दिया। ट्रेन में सवार कुछ युवकों ने उनकी मोबाईल से वीडियों भी बनाई है। जिसमें फौजी को ट्रेन से फैकने पर ट्रेन यात्री ट्रेन से फैकने पर कोस रहे है।

**बरेली आर्मी सैंटर में ही पढ़ते थे विरेन्द्र के दोनो बच्चे:** विरेन्द्र के भाई राजपाल ने बताया कि विरेन्द्र का बेटा रजित छटी कक्षा में व बेटी प्रीति सातवीं कक्षा में बरेली आर्मी सेंटर में स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। उनके पिता भी सेना में सेवा दे चुके है। आर्मी सेंटर में उनकी मां भाई विरेन्द्र व भाभी मीना के पास ही गई हुई थी।

**केन्द्र व प्रदेश सरकार से की सैनिक की विधवा पत्नी को नौकरी देने की मांग:** नायक विरेन्द्र की मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। मां फूलों देवी ने विलाप करते हुए कहा कि उनका बेटा तो चला गया, अब सरकार उनकी विधवा पत्नी को नौकरी दे दे तो उनके बच्चे पल जाएंगे। गांव के लोगों ने सरकार से नौकरी व आर्थिक मदद की मांग की है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर गन्नौर शहर में चेयरमैन की अगुवाई में चलाया सफाई अभियान

**गन्नौर/ टीम एक्शन इंडिया**

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए धरातल पर काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगरपालिका शहर में चल रहे विशेष सफाई अभियान का नपा चेयरमैन अरुण त्यागी,नपा उपाध्यक्ष दिनेश अदलखा ने निरीक्षण किया इस अवसर पर सफाई निरीक्षक पोषण मलिक सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बता दे कि शहरों को साफ सुथरा बनाने व रिहायशी, व्यवसायिक क्षेत्रों में जलजमाव न हो, ड्रेनेज चौक न हो और



सालिडवेस्ट की समस्या पैदा न हो इसके लिए निकाय विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों, नगर पालिका और नगर परिषदों के अधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें निकाय विभाग ने अपने स्तर से स्वच्छता की परीक्षा शुरू करा दी है। जो भी शहर सफाई की परीक्षा में खरे उतरेंगे उन्हें आठ श्रेणियों में कुल 100 अंक मिलेंगे।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बस ने रौंदा

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास सडक पार कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति घायल हो गया। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लड़सौली गांव के अरमान ने बताया कि वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में काम करता है। जब वह 7 दिसंबर की शाम को काम करने के बाद अपने घर जा रहा था तो इस दौरान एक रफ्तार बस ने सडक पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

# रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का उपयुक्त ने किया दौरा



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त डा.** मनोज कुमार ने एचएसआईआईडीसी बड़ी स्थित रेल कोच नवीनीकरण कारखाना का दौरा करते हुए हर संभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिया। कारखाना प्रशासन की ओर से स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करवाने की मांग को पूरा करने के लिए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कारखाना परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शुक्रवार को दोपहर बाद उपायुक्त डा. मनोज कुमार रेल कोच नवीनीकरण कारखाना पहुंचे, जहां उन्होंने कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक अनिल कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम निर्मल नागर विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने विस्तार से कारखाना के संचालन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मांगों व समस्याओं की भी जानकारी ली, जिस पर कारखाना प्रशासन की ओर से स्ट्रीट लाइट, परिसर में ट्रैफिक व्यवस्था तथा प्रदूषण की समस्याएं प्रस्तुत की। बैठक के उपरांत उपायुक्त ने पूरे कारखाना परिसर का दौरा करते हुए बोगियों के सुधारीकरण की प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने सर्वप्रथम रेल कोच नवीनीकरण कारखाना के मॉडल का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने फर्निशिंग शॉप, बोगी शॉप, डिस्पेंसरी, पेंट शॉप, शॉट ब्लास्टिंग शॉप आदि का दौरा करते हुए सुरक्षा मानकों की भी जांचकी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अस्पताल निर्माण के लिए भी प्रयास करवायेंगे ताकि बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो। साथ ही उन्होंने एसडीएम निर्मल नागर को भी विशेष दिशा-निर्देश दिए।

# प्रतिस्पर्धा करती है युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित: कुलपति

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**दीनबंधु छोटू** राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पधाओं का समय है। प्रतिस्पर्धा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। डीसीआरयूएसटी,मुरथल के विद्यार्थियों ने आईआईटी, रुड़की के फेस्ट में भाग लिया था। उद्यमिता सोसाइटी 'इ-सेल ' ने "थोम्सो", आईआईटी रुड़की के वार्षिक समारोह में तीन मार्कसन्स", "कॉपोर्राटा" और



"ऑक्शन फ्रेंजी" प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने तीन प्रतियोगिताओं में विजेता बने। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सिंह ने का कि प्रतिस्पर्धा युवाओं के अंदर जज्बा पैदा करने का कार्य करती लेकिन प्रतिस्पर्धा में सफलता तभी मिल सकती है जब आप अनुशासन में रहकर निरंतर परिश्रम करें। प्रतिस्पर्धा से हमारे अंदर टीम भावना पैदा होती है। है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से स्वयं के बारे में आकलन करने का अवसर मिलता है, जो पक्ष कमजोर हो उस पर ज्यादा परिश्रम करना चाहिए। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुखदीप सिंह व इ-सेल के समन्वयक प्रो. दिनेश सिंह ने बताया कि "मार्क सेंस" प्रतियोगिता में, छात्रों को एक नवाचारात्मक विचार सोचने के लिए कहा गया और उनसे उस विचार के लिए एक 30 सेकंड का वीडियो विज्ञापन तैयार करने को कहा गया। दूसरे दौर में, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उत्पादों पर आधारित समस्या समाधान करना था। विश्वविद्यालय की तरफ से अनुभव, जाह्नवी, आदित्य और राहुल की टीम ने "मार्क सेंस" प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# सहसचिव पद पर चुनाव लड़ने के लिए इनरोलमेंट के बाद अनुभव होना अनिवार्य

**गन्नौर/ टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर बार** एसोसिएशन के चुनाव में सहसचिव के पद पर दिनेश शर्मा द्वारा किए गए नामांकन पर संशय बना हुआ है। सहसचिव पद पर उनके प्रतिद्वंदी संदीप राठौर ने उनके नामांकन पर आपत्ती जताते हुए शिकायत दी थी। जिसके बाद चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी ने इस संबंध में बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा को पत्र लिख कर उनका मार्गदर्शन मांगा था। अब बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा की तरफ से इस संबंध में चुनाव अधिकारी को पत्र भेज कर इस शिकायत पर अपना दे जवाब दिया है। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा ने स्पष्ट तौर पर लिखा है कि बार एसोसिएशन में कोषाध्यक्ष, सहसचिव, लाइब्रेरी इंचार्ज के पद पर नामांकन करने के लिए बार में इनरोलमेंट करने की तिथि से लेकर आगमी तीन साल तक नियमित प्रेक्टिस करते रहना अनिवार्य है। इसके बाद अधिवक्ता इन पदों पर आवेदन कर सकता है।

**चुनाव अधिकारी को ही लेना होगा निर्णय:** बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा ने पत्र में चुनाव लड़ने के नियम को स्पष्ट करने के बाद इस मामले में चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी को ही अपने स्तर पर निर्णय लेने को कहा है। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पत्र के बाद अब चुनाव अधिकारी नामांकन को रद करेंगे या नहीं अभी तक इस संबंध में फैसला नहीं लिया गया है।

**सोमवार को लेंगे फैसला:** चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी ने बताया कि उन्हें बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा की तरफ से पत्र मिल गया है। सहसचिव पद पर चुनाव लड़ने के लिए इनरोलमेंट के बाद तीन साल का अनुभव होना अनिवार्य है। हालांकि अभी नामांकन के संबंध में फैसला नहीं लिया गया है।

# श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का मांगा वरदान

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**


**उत्पन्ना एकादशी** के अवसर पर शुक्रवार को आहुलाना धाम बाबा खाटू श्याम मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी सचिन पंडित ने सभी श्रद्धालुओं को मोरछड़ी से झाड़ा लगाकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने की बाबा श्याम से अरदास की। इस मौके पर भक्तों ने भजन कीर्तन कर श्याम का गुणगान किया। इस अवसर पर पुजारी सचिन ने बताया कि इस दिन कथा सुनने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि सतयुग में एक राक्षस था जिसका नाम नाड़ीजंघ और उसके पुत्र का नाम मुर था।



मुर एक बहुत ही शक्तिशाली दैत्य था, जिसने अपने पराक्रम के बल पर इंद्र से लेकर यम और अन्य देवताओं के स्थान पर कब्जा कर लिया था। ऐसे में सभी देवतागण अपनी परेशानी लेकर भगवान शिव की शरण में पहुंचे और उन्हें अपनी सारी व्यथा सुनाई। महादेव ने देवताओं को इस समस्या का हल ढूंढने के लिए प्रभु श्री हरि के पास जाने के लिए कहा। इसके बाद सभी देवता अपनी व्यथा लेकर भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे और विस्तार से उन्हें सारी बात बताई। देवताओं की समस्या का हल करने के लिए भगवान विष्णु ने मुर को पराजित करने के लिए रणभूमि में पहुंचे जहां मुर देवताओं से युद्ध कर रहा था। भगवान विष्णु जी को देखते ही मुर ने उन पर भी प्रहार किया। कहा जाता है कि मुर और भगवान विष्णु का युद्ध 10 हजार वर्षों तक चला। विष्णु जी ने अनेकों प्रहार के बाद भी दैत्य मुर नहीं हारा।इस तरह उत्पन्न हुईं एकादशी युद्ध करते हुए जब श्री हरि थक गए तो वह बद्रिकाश्रम गुफा में जाकर विश्राम करने लगे। इसपर दैत्य मुर भी विष्णु का पीछा करते हुए उस गुफा में पहुंच गया। उस राक्षस ने भगवान पर वार करने के लिए हथियार उठाए ही थे, कि तभी भगवान विष्णु के शरीर से एक कांतिमय रूप वाली देवी प्रकट हुईं और उन्होंने मुर राक्षस का वध किया। क्योंकि इस देवी का जन्म मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को हुआ था इसलिए उनका नाम एकादशी पड़ गया। साथ ही एकादशी के दिन उत्पन्न होने के कारण इन देवी को उत्पन्ना एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से अति उत्तम फल की प्राप्ति होती है,और भगवान विष्णु जिसको श्री श्याम बाबा ने नाम से जाना जाता है कि विशेष कृपा होती है।









# दत्ताजी डिडोलकर को समर्पित चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

## गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे अधिवेशन में और किया अधिवेशन का विधिवत तरीके से उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन बुराड़ी स्थित डीडीए मैदान में बृहस्पतिवार से शुरू हो गया। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह यहां पहुंचे और अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन किया। पहले दिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, दत्ताजी डिडोलकर को समर्पित चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन और सामूहिक वंदे मातरम गान हुआ।

**मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच भावुक हुए अमित शाह**
गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन शुरू होते ही पूरे पंडाल में उत्साह बढ़ गया। अपने संबोधन की शुरूआत में वह बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, 'मैं आज यहां राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कितना गौरव महसूस कर रहा हूं, ये मैं आपको समझा नहीं पाऊंगा।' वह आगे बोले, 'ये अनुभव वही व्यक्ति कर सकता है, जिसकी शुरूआत राजकोट अधिवेशन में पंडाल के अंत में बैठकर हुई है और वो आज मुख्य अतिथि बनकर यहां खड़ा है।'

**दो प्रस्ताव हुए पारित**
राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद (एनईसी) की बैठक में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक पहल' और 'भारतीय स्व व स्वाभिमान का प्रतीक श्री राम मंदिर' शीर्षक पर प्रस्ताव पारित किए गए। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री हुशियार सिंह मीणा और अंकिता पवार ने राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में दोनों प्रस्ताव रखे थे। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा, एबीवीपी ने श्रीराम मंदिर व महिलाओं के सुरक्षा और संवर्धन जैसे विषयों से संबंधित आंदोलनों का नेतृत्व किया है। जहां एक ओर राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लाए गए नारी शक्ति अधिनियम 2023 का पारित होना न केवल जन आकांक्षाओं की पूर्ति है, बल्कि महिला नेतृत्व विकसित करने की दृढ़ इच्छाशक्ति की परिणति है।

**राम मंदिर को लेकर रखा गया ये प्रस्ताव**
दूसरी ओर, श्री राम जन्मभूमि पर निर्मित हो रहे भव्य मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होना भारत की पौराणिक व सांस्कृतिक धरोहर की पुनर्स्थापना के साथ ही विगत 500 वर्षों से चले आ रहे अनवरत संघर्ष की सफलता का प्रतीक है।
इस मौके पर एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजशरण शाही, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत, गोविंद नायक, एस बालाकृष्ण, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश ठाकुर, मिलिंद मराठे आदि मौजूद रहे।

**चित्रकला प्रदर्शनी में दिख रही राष्ट्रीय नायकों की गौरव गाथा**
एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में संस्थापक सदस्य दत्ताजी डिडोलकर को समर्पित चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन हो गया। एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामंत्री रहे डा. राजकुमार भाटिया ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### हिंदवी स्वराज्य यात्रा दिल्ली पहुंची...

**एबीवीपी** द्वारा शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रायगड़ किले से शुरू की गई 'हिंदवी स्वराज्य यात्रा' बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंची, जिसका भव्य स्वागत कार्यक्रम स्थल पर किया गया। यात्रा के साथ उन स्थानों की मिट्टी कलश में भरकर कार्यकर्ता साथ लाए हैं, जहां शिवाजी महाराज का जुड़ाव रहा हे। इनमें शिवनेरी, इंदौर, आगरा आदि जगहों की मिट्टी शामिल है। बता दें कि बुराड़ी मैदान में अधिवेशन के लिए 50 एकड़ क्षेत्र में टेंट सिटी इंद्रप्रस्थ नगर के नाम से बसाई गई है। इसमें 12 टेंट नगर बनाए गए हैं। जहां छात्र और छात्राएं रुके हुए हैं। मुख्य सभागार को भव्य रूप दिया गया है। इसके अलावा मिट्टी से इंद्रप्रस्थ किला बनाया गया है।

# दिनिन की विशेष बजट बैठक हुई स्थगित




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली नगर निगम की शुक्रवार को होने वाली बजट बैठक स्थगित कर दी गई है। यह अब बैठक शनिवार दोपहर दो बजे होगी। दिल्ली नगर निगम की विशेष बजट बैठक में शुक्रवार को कमिश्नर ज्ञानेश भारती को निगम का बजट पेश करना था। इसके लिए दोपहर दो बजे बजट की विशेष बैठक बुलाई गई थी, जिसमें कमिश्नर वर्ष 2023-24 का संशोधित बजट अनुमान और 2024-2025 का बजट अनुमान प्रस्तुत करते। हालांकि मात्र एक घंटे पहले बैठक को स्थगित कर दिया गया। हालांकि शनिवार को छुट्टी का दिन होने के बावजूद विशेष बजट बैठक बुलाई गई है, क्योंकि 10 दिसंबर से पहले बजट को पेश करना जरूरी है। भाजपा पार्षदों का कहना है कि आम आदमी पार्टी की सरकार नियम कानून को ताक पर रखकर बिना किसी तैयारी के काम कर रही है।

# 'फरिश्ते योजना' को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची केजरीवाल सरकार



**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में पीड़ितों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने की दिल्ली सरकार की 'फरिश्ते योजना' का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दरअसल, यह योजना बीते एक साल से बंद है। इस फिर से शुरू करने की मांग को लेकर केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है। बता दें, स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार ने इस योजना को बीते एक साल से बंद किए हुए है। केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जनहित को देखते हुए इस योजना को फिर से शुरू करवाया जाए। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना और स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी किया है।

**क्या है 'फरिश्ते योजना'**
इस योजना के तहत कोई भी शख्स सड़क हादसे में घायल होता है तो उन्हें निजी अस्पताल में इलाज की सुविधा मिलती है। इसका पूरा खर्चा दिल्ली सरकार उठाती है। इस योजना को दिल्ली सरकार ने 2018 में शुरू किया था। इस योजना के तहत अब तक 23 हजार लोगों को हादसे के बाद मुफ्त इलाज की सुविधा मिल चुकी है। हाल के दिनों में एलजी इस योजना के तहत फंड को रिलीज नहीं कर रही है।

# गऊ शाला तोड़ने व गऊ माता को जबरन उठाने पर गौभक्तों द्वारा धरनाः गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आईएसबीटी पुल के पास, शास्त्री पार्क मैट्रो आईटी पार्क के नजदीक स्थित गौशाला को 1 दिसंबर, 2023 को डीडीए, एमसीडी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया गया था जिसको लेकर गौभक्तों में भारी रोष है क्योंकि अब गौमाता बेहाल होकर मर रही हैं। लगातार उच्च अधिकारियों से संपर्क करके गौशाला के समाधान निकालने के प्रयास हो रहे थे। आज प्रातः 8/12/2023 को अचानक केजरीवाल सरकार की एमसीडी चार, पांच ट्रक लेकर के गौमाता को जबरदस्ती वहां से उठाने के लिए पहुंच गई जिस कारण से गौभक्तों ने इकट्ठे होकर आईएसबीटी पुल पर जाम लगा दिया व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता भाजपा श्रीजय भगवान गोयल सहित सभी वहां धरने में बैठ गए। पुलिस की भारी मशक्कत के बाद ही गौभक्त वहां से हठे।
गौभक्तों ने श्री गोयल के साथ गौशाला के प्रांगण में भी धरना दिया। इसके बाद श्री जय भगवान गोयल गौशाला के संचालक डॉक्टर बाबा जी, पवन कुमार, कैलाश चंद, दिनेश बैंसला, अरूण कुमार को साथ लेकर एलजी कार्यालय पहुंचे और वहां पहुंचकर एलजी कार्यालय में गौशाला को वहीं रहने दिया जाए, गौशाला का पुनर्निर्माण करवाया जाए व गौभक्तों से गौमाता की सेवा करने का अधिकार न छीना जाए, प्रमुखता से ये बातें रखी और एमसीडी द्वारा ऐसी कोई कार्यवाई दुबारा न दोहराई जाने की बात भी कही गई। एलजी ऑफिस ने जल्द ही इस समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

# प्रदूषण ने जीना किया मुहाल, समस्याएं झेल रहे दिल्लीवासी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी 'खराब' श्रेणी में बनी रही। वायु गुणवत्ता और मौसम पूवार्नुमान और अनुसंधान प्रणाली की माने तो दिल्ली में बीते दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) गुरुवार को एक्यूआई 276 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार सुबह तक राजधानी का एक्यूआई 420 दर्ज किया गया। राजधानी के लिए आंकड़ा बेहद खतरनाक है। हालांकि, गुरुवार सुबह दिल्ली के कुछ इलाकों में अदक'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया. सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार सुबह 8 बजे आनंद विहार में एक्यूआई 348, आईटीओ में 313 और अशोक विहार इलाके में 323 रहा। लेकिन आज सुबह तक इन आंकड़ों ने राजधानी की टेंशन बढ़ा दी है। आनंद विहार में 377 एक्यूआई दर्ज किया गया तो वहीं अली नगर में यह आंकड़ा 391 पहुंच गया है। वहीं, राजधानी की आबोहवा से लोगों का जीवन दुश्वार हो चुका है। इसे लेकर शहर के एक साइकिल चालक देव ने एएनआई से बात करते हुए कहा, "प्रदूषण का स्तर अब बहुत अधिक लग रहा है। सांस लेना मुश्किल हो जाता है, दृश्यता प्रभावित होती है और कभी-कभी सिरदर्द भी होता है।

**आईएमडी ने बारिश को लेकर दिया यह अपडेट**
इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 11 दिसंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में बारिश नहीं होने की भविष्यवाणी की है। पूरे शहर में सुबह के समय आसमान साफ रहेगा और हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। दिल्ली में पिछले कुछ हफ्तों से हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' से 'बहुत खराब' के बीच देखी जा रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पिछले हफ्ते कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में ग्रैप-3 को हटा लिया गया है लेकिन सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि ग्रैप-1 और 2 को सख्ती से लागू किया जाए।

# शिक्षा मंत्री ने सरस्वती विहार में किया औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शिक्षा मंत्री आतिशी ने गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सरस्वती विहार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने पाया कि स्कूल सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। स्कूल में साफ-सफाई का अच्छे से ध्यान रखा जा रहा है, अनुशासन के साथ टाइम-टेबल का भी अच्छे से पालन किया जा रहा है। सभी क्लासेज में शिक्षक है। स्कूल में सीखने-सिखाने के लिए नए इनोवेटिव तरीके अपनाए जा रहे है। स्कूल में इतना सकारात्मक माहौल देखकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूल प्रमुख और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि, औचक निरीक्षण में सामान्य रूप से स्कूल का संचालित होना इस बात का सबूत कि यहां अनुशासन और साफ-सफाई दिखावा न होकर दिनचर्या का हिस्सा है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा पुलिस कस्टडी में मौत का राज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
द्वारका जिला के बाबा हरिदास नगर थाना में पुलिस की कस्टडी में हुई एक शख्स की संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में पुलिस ऑफिसर को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। क्योंकि मृतक राहुल की मां और पत्नी का गंभीर आरोप है, की राहुल की मौत पिटाई के कारण हुई है। डीसीपी द्वारका एम हर्ष वर्धन का कहना है, की राहुल की बॉडी का पोस्ट मार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है। उसके रिपोर्ट से पता चल जायेगा, मौत की वजह।
पुलिस के अनुसार झगड़े की कॉल के बाद राहुल को थाने लाया गया था। नशे में होने की वजह से मेडिकल के बाद राहुल को थाने में ही रात में रोक लिया गया था। चूंकि दूसरे पक्षों के साथ झगड़ा बढ़ने की आशंका थी। रात को राहुल आईओ के कमरे के बाहर सो गया। सुबह उसे उठाया गया तो वह उठा नहीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार शाम को बाबा हरिदास नगर में लूट के प्रयास और हमला करने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर पीड़ित राहुल मिला। उसने पुलिस को बताया कि आजाद और उसके जानकारों ने उसपर हमला कर लूटपाट की कोशिश की। कॉल के वक्त राहुल नशे में था। पुलिस राहुल को लेकर अस्पताल गई, जहां उसका मेडिकल कराया गया।

# लिंगानुपात में आई कमी, जन्म दर में हुई बढ़ोतरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में जन्म दर में भले वृद्धि हो गई हो, लेकिन लिंगानुपात 2021 के 932 से घटकर 2022 में 929 हो गया। यह जानकारी दिल्ली सरकार की एक रिपोर्ट में सामने आई है। 'दिल्ली में जन्म और मृत्यु के पंजीकरण पर वार्षिक रिपोर्ट, 2022' में कहा गया है कि दिल्ली में जन्म दर 2021 के प्रति हजार जनसंख्या पर 13.13 की तुलना में 2022 के दौरान बढ़कर 14.24 हो गई। मृत्यु दर 2021 में 8.28 प्रतिशत थी जो 2022 में घटकर 6.07 प्रतिशत हो गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में प्रतिदिन जन्म की औसत संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह 2022 में बढ़कर 823 हो गई है जो 2021 में 745 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लिंगानुपात प्रति हजार पुरुषों पर 2021 में 932 था ,जो 2022 में घटकर 929 हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पंजीकृत किए गए कुल जन्म में 1,55,670 (51.83 प्रतिशत) लड़के थे और 1,44,581 (48.14 प्रतिशत) लड़कियां थीं, जबकि 99 (0.03 प्रतिशत) अन्य श्रेणी से संबंधित थे।

**2022 में शिशु और मातृ मृत्यु दर में आई कमी**
रिपोर्ट से पता चलता है कि 2.23 प्रतिशत महिलाओं ने 19 साल या इससे कम उम्र में बच्चे को जन्म दिया। रिपोर्ट में 2022 में शिशु और मातृ मृत्यु दर में मामूली वृद्धि पर भी प्रकाश डाला गया है। 2022 में, शिशु मृत्यु दर (प्रति हजार जीवित जन्म पर) 23.82 रही, जो 2021 में 23.60 थी। मातृ मृत्यु दर (प्रति हजार जीवित जन्म) 2022 में 0.49 रही, जो 2021 में 0.44 थी। साल 2021 में दर्ज की गई 1,71,476 मौतों की तुलना में 2022 में 1,28,106 मौतें दर्ज की गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पंजीकृत मौतों में 79,052 (61.71 प्रतिशत) पुरुष और 49,004 (38.25 प्रतिशत) महिलाएं और 'अन्य' श्रेणी में 50 (0.04 प्रतिशत) मौतें शामिल हैं।

**आंकड़े**
8 दिल्ली में जन्म दर 2021 के प्रति हजार जनसंख्या पर 13.13 की तुलना में 2022 के दौरान बढ़कर 14.24 हो गई।



# भारत निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी यात्रा



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**केन्द्र** व प्रदेश सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव दुभेटा व मोई पहुंची। जहां जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया व ग्रामीणों ने विकसित भारत यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम में चेयरपर्सन ने लोगों की समस्याएं सुनी और लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए योजनाओं का फिडबैक भी लिया।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। इस दौरान चेयरपर्सन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मानना है कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना ह्यअत्मनिर्भर व विकसितह्ल भारत की परिकल्पना संभव नहीं है। सरकार की सोच है कि गरीब व पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ हर हाल में मिले। उन्होंने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यअत्मनिर्भर व विकसितह्ल भारत निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। चेयरपर्सन ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे पात्र लोगों को प्राथमिकता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि समाज के विकास में ही राष्ट्र का विकास है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाए। प्यार, प्रेम व भाईचारे में बड़ी ताकत है। इसलिए हमेशा भाईचारे को बरकरार रखे। छोटे-मोटे मतभेद भुलाकर समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लें।
**चेयरपर्सन ने प्रदर्शनी का किया अवलोकनः** जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता हुई।

# मंत्री ओम प्रकाश यादव ने ऐप पर क्लिक कर ऑन द स्पॉट बनाई पेंशन

## यात्रा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की गारंटी: ओम प्रकाश यादव



**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**
**नारनौल । विकसित** भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ऑन दा स्पॉट सेवाओं से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को गांव खोड़मा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने खुद रोहतास सुपुत्र प्रभु लाल की मौके पर ही सेवा विभाग के ऐप के जरिए पेंशन बनाई तो ग्रामीणों ने जोरदार तालियों के साथ खुशी का इजहार किया। इसी प्रकार कई अन्य लाभार्थियों को भी मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिला।
विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा का शुक्रवार को गांव खोड़मा, ताजीपुर, उन्हाणी, चेलावास, खातोद व खातोदड़ा गांवों में जोरदार स्वागत किया गया।
गांव खोड़मा व ताजीपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। वही गांव उन्हाणी व चेलावास में अटेली विधायक सीताराम यादव, खातोदड़ा में एसईपीओ अशोक कुमार, खातोद में सरपंच उमेश देवी मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि ये यात्रा के रथ सामान्य नहीं हैं, बल्कि यह एक तरह से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की गारंटी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।
**यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगीः सीताराम यादव**
विधायक सीताराम यादव ने कहा कि मनोहर-मोदी की डबल इंजन की सरकार अंतोदय के सिद्धांत पर चलते हुए आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है।
यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। अब गरीब नागरिकों को दफ्तर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि उनके घर द्वार पर ही कार्य हो रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### एडीआर सेन्टर में प्री-लोक अदालत का आयोजन हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राष्ट्रीय** लोक अदालत के उपलक्ष्य में एडीआर सैन्टर अम्बाला शहर में प्री-लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस प्री-लोक अदालत मे सभी बैंकस, फाइंनासियल इन्स्टीटूशनस तथा सरकारी बैंकों के केस रखें गए। कुल 838 केस रखे गए, जिसमें से 14,00,000/- से उपर राशि की रिकवरी की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सौरभ गुप्ता ने बताया कि हालसा के आदेशानुसार 9 दिसम्बर को जिला न्यायालय अम्बाला व सब डिवीजन कोर्ट नारायणगढ़ में एक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी हो चूकी हैं। इस लोक अदालत के दृष्टिगत 7 बैचों का आयोजन किया गया हैं। इस लोक अदालत में सभी तरह के केस जैसे कि दिवानी मुकद्दमें, पारिवारिक मामलों से उत्पन्न मुकद्दमें, बैंक रिकवरी के मुकद्दमें, चैक बाउंस के केस, फौजदारी के मुकद्दमें, बैंक रिकवरी के मुकद्दमें इत्यादि रखे जाएगें। इस लोक अदालत में खासतौर पर मोटर व्हीकल चालान के केस भी रखे जाएगें। उन्होनें लोगों से आग्रह किया कि इस लोक अदालत में बढचढ कर भाग लें तथा अपने सालों पुराने मुकद्दमें की रजामंदी के तौर पर इन केसो को लोक अदालत में निपटान करवाएं।

### गौ अभ्यारण्य बनाकर आवारा पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान करें सरकार

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** क्षेत्र के किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहियें किसानों को रात-रातभर जागकर अपनी फसल की रखवाली करनी पड़ रही है उक्त विचार पूर्व सांसद राव मानसिंह के पुत्र और



सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने गाँव जाखनी, धरसूं और महरमपुर में अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों की समस्याएं सुनते हुए व्यक्त किये उन्होंने कहा कि सरकार को आवारा पशुओं के लिए अब गौशालाओं पर निर्भर रहने की बजाये गौ अभ्यारण्य विकसित करने चाहियें, जहाँ पर्याप्त मात्रा में घास और पानी की व्यवस्था हो तभी इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर बीज खाद और पर्याप्त मात्रा में बिजली-पानी मिले तथा मौसम और आवारा पशुओं की मार न पड़े तो यहाँ का मेहनती किसान देश का अन्न भंडार भरने में अपना अमूल्य योगदान दे सकता है उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि वे गाँव की समस्याओं और जरूरतों के समाधान के लिए पूरा प्रयास करेंगे इस अवसर पर जाखनी के सरपंच सतबीर, कंवर सिंह पूर्व सरपंच, गिरधारीलाल, बलवान यादव, इंद्र यादव, धर्मेन्द्र, अनिल कुमार, राजू, दीपक, मोनू, सुभाष, शिवचंद, रामावतार, वेदप्रकाश, सज्जन सिंह तथा हेमंत शर्मा आदि उपस्थित थे

### भारतीय सेना के आधुनिकीकरण में जनरल बिपिन सिंह रावत का योगदान अभूतपूर्व : डॉ. अनुपम अरोड़ा

**पानीपत/ कमाल हुसैन**
**एसडी** पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों द्वारा जनरल बिपिन सिंह रावत की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजली दी गई और देश के लिए उनके द्वारा की गई सेवाओं को याद किया गया। श्रद्धांजली सभा में प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने एनएसएस अधिकारी डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, प्रो.प्रवीन आर खेरडे और एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ मिलकर जनरल बिपिन रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उन्हें नम आँखों से याद किया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत वीर के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई । प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन सिंह रावत का पिछले वर्ष 8 दिसंबर को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया था ।

# विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चले मोदी-मनोहर के साथ: सलूजा



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**प्रधानमंत्री** मोदी का स्वप्न तथा लक्ष्य है की भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। इसी लक्ष्य को लेकर मोदी दिन रात मेहनत कर रहे हैं। हमारा भी कर्तव्य है की अपने प्यारे भारत को देश को विकसित बनाने के लिए मोदी-मनोहर के साथ चले। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने वैसरी गांव में विकसित भारत यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे। गजेंद्र सलूजा ने कहा की मोदी तथा मनोहर की सरकारें आपके द्वार पहुंच रही हैं। पात्र लोगों को ढूंढ-ढूंढ कर लाभ दे रही है। ऐसा पहली बार हो रहा है की सरकार आपके घर द्वार पहुंचकर आपकी समस्या सुन तथा हल कर रही है। पहले की सरकारों में छोटे-छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे अब आपके राशन कार्ड,पेंशन आदि सेवा घर बैठे मिल रही है। उन्होंने कहा की मोदी मनोहर सरकारें अंतोदय के सिद्धांत पालन पूरी दृढ़ता से कर रही है।
गजेंद्र सलूजा ने आयुष्मान, चिरायु, विवाह शगुन योजन, मनोहर सरकार द्वारा छः सौ से अधिक सेवाएं ऑन लाइन करने का जिक्र किया। गांव में पहुंचने पर गजेंद्र सलूजा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं गजेंद्र सलूजा ने अधिकारियों के साथ सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। गजेंद्र सलूजा ने मोदी सरकार तथा मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव जाने। उन्होंने उज्जवला योजना के पात्र लोगों को गैस चूल्हे वितरित किए।
उन्होंने उपस्थित जन को भारत को विकसित देश बनाने की शपथ भी दिलाई। सामाजिक क्षेत्र में उत्तम योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया तथा कृषि विभाग द्वारा निकाली जा रही रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

# डीएलएसए की ओर से लिंग संवेदीकरण पर जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रजनीश बंसल के दिशा निदेर्शानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में प्राचार्य डा. भारत भूषण की अध्यक्षता में नालसा स्कीम के तहत लिंग संवेदीकरण पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता एसएस सुरेडिया ने कहा कि लिंग संवेदीकरण का उद्देश्य एक अधिक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाना है जहां व्यक्तियों के साथ उनके लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। लिंग संवेदीकरण का लक्ष्य लैंगिक समानता में मुद्दों का समाधान करना और प्रतिभागियों को समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके साथ-साथ उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार एवं भारतीय ध्वज संहिता विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता अरविंद के अलावा समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर क्षेत्र में चाकू दिखाकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने मामले में 06 दिसम्बर 2023 पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमित व शिवम निवासी रामनगर नजदीक हरी पैलेस अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर आरोपी सुमित से एक कमानीदार चाकू बरामद कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता साहिल निवासी आसा सिहँ गार्डन नारायणगढ रोड अम्बाला शहर ने 6 दिसम्बर 2023 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि किन्हीं अज्ञात आरोपियों ने 6 दिसम्बर 2023 को सिटी प्लाजा अम्बाला शहर में चाकू की नोक पर उससे व उसके भाई से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरन्त कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# 'हरियाणा व केंद्र में तीसरी बार बनेगी बीजेपी की सरकार'

**सिद्धार्थ राव/ बहादुरगढ़**
**हरियाणा सरकार** में पूर्व मंत्री रहे स्व. मांगेराम नंबरदार के पुत्र भाजपा नेता नंबरदार सतीश ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की जीत से यह साफ हो गया है कि आने वाले लोकसभा चुनावों व हरियाणा विधानसभा चुनावों में जनता के जनादेश से देश-प्रदेश में मोदी-मनोहर सरकार फिर से जीत की हैट्रिक लगाएगी। नंबरदार सतीश ने बीजेपी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आज पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में आस्था जता रही है क्योंकि पिछले 9 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में डंका बजा है।

# गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने 10 मेडल जीते और पूरे देश में हरियाणा का मान बढ़ाया



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जल्द ही** अजय शर्मा को मिल सकती है हरियाणा में कराटे की कमान। आम आदमी पार्टी के नेता अजय शर्मा को कल दिल्ली में भारत के कराटे के प्रधान भरत शर्मा ने दिल्ली बुलाया और उनसे मुलाकात की इस मुलाकात से हरियाणा में कराटे जगत में सनसनी फैल गई और इस बात की अटकले की जा रही है कि जल्द ही हरियाणा में अजय शर्मा को कराटे का प्रधान नियुक्त किया जा सकता है, क्योंकि अजय शर्मा के नेतृत्व में गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा में 10 मेडल जीते और पूरे देश में हरियाणा का मान बढ़ाया इस विषय पर अजय शर्मा को खेल मंत्री ने भी सराहा है ' उनके योगदान से मार्शल आर्ट के अन्य खेलों में भी खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। सभी लोग इस बात से परिचित है कि अजय शर्मा आम आदमी पार्टी के नेता हैं और खेल विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनके मेहनत का ही परिणाम है कि कलारी पट्टू खेल जिसका 6 महीने पहले तक हरियाणा में कोई नाम नहीं था इस खेल में हरियाणा के बच्चों ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में पहली बार में 10 पदक जीत कर सबको अचंभित कर दिया ' इस मौके पर सर्वप्रथम समाज के जिला प्रधान के प्रधान रामरत्तन शर्मा, संदीप शर्मा, विनोद शर्मा और अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वोट बनवाने के लिए आज अंतिम दिन: मण्डलायुक्त



**पानीपत/कमाल हुसैन**
मण्डलायुक्त डॉ. साकेत कुमार ने शुक्रवार को जिला में विभिन्न स्थानों पर बूथों का निरीक्षण किया और सभी बीएलओज से आह्वान किया कि वे वोट बनाने को लेकर कोई भी कौताही ना बरते। भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशानुसार सभी बीएलओज विभिन्न अवकाश के दिनों में घोषित अभियान तिथियों में अपने-अपने बूथों पर बैठेंगे और वोट बनाने का कार्य करेंगे। शनिवार को वोट बनवाने का अंतिम दिन है। इसके साथ-साथ बूथों पर जो भी त्रुटियों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त होंगे उन्हें भी लिया जाएगा। उन्होंने सभी ईआरओज और एआरओज को निर्देश दिए कि वे उक्त तिथियों में स्वयं भी दौरा करें और अपने अधीनस्थ को भी दौरा करने के निर्देश दें। डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि हमें पात्र लोगों के ज्यादा से ज्यादा वोट बनाने चाहिए। हमें निष्पक्ष होकर जाति, धर्म से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर 18 वर्ष से ऊपर के युवा-युवती को वोट बनवाना चाहिये व जिन नागरिकों ने अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है उनके लिए शनिवार 9 दिसंबर को अंतिम मौका है। उन्हें समय रहते वोट बनवाना चाहिये व दूसरे लोगों को भी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करना चाहिये और वोट का सही समय पर सदुपयोग करना चाहिये। मण्डलायुक्त डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि मतदान के अधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र को मजबूत करें। जिन युवाओं का मतदाता के रूप में अभी तक नाम पंजीकृत नहीं कराया है वे फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं। फॉर्म नं0 6 व अन्य जानकारियां डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटसीईआरओहरियाणाडॉटएनआईसीडॉटआईएन से प्राप्त कर सकते हैं तथा वोटर्सडॉटईसीआईडॉटजीओवीडॉटआईएन वैबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने मण्डलायुक्त डॉ. साकेत कुमार को जानकारी देते हुए बताया कि जिला में 27 अक्तूबर से अब तक स्पेशल रिविजन में 12 हजार 772 नए वोट बनाए गए हैं, 2 हजार 624 वोट कटवाने हेतु फार्म प्राप्त हुए हैं, 3 हजार 880 संशोधन के लिए फार्म प्राप्त हुए हैं।

# निर्मम हत्या के कारण देश के क्षत्रिय समाज में रोष



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**राजपूत** सभा पानीपत की एक बैठक राजपूत भवन में हुई जिसमें श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की दिनदहाड़े हत्या कड़ी निन्दा हुई, निर्मम हत्या के कारण देश के क्षत्रिय समाज में रोष बना हुआ हैं ' जिला भर से आए सभी समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए केंद्र सरकार से कहा कि अपराधियों को फांसी होनी चाहिए'
सभा के अध्यक्ष नरेंद्र राणा ने कहा कि इस हत्याकांड की निंदा करते हैं राजनीतिक षड्यंत्र लोगों को दिखाई दे रहा है इसलिए इस हत्याकांड की जांच सीबीआई द्वारा होनी चाहिए 'सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा कि राजस्थान में भाजपा शासन आया तो क्षत्रिय समाज के किसी नेता की हत्या हुई, इस भाजपा ने हमारे कई क्षत्रिय नेताओं को निशाना बनाया भाजपा सरकार हमारे समाज को बर्बाद करने में तुली है
बैठक में जिला महामंत्री यशपाल राणा ने कहां कि इस हत्याकांड की सीबीआई जांच हो और दोषी लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो जो लोग इस षड्यंत्र में शामिल है उनके नाम उजागर हो अगर जांच निष्पक्ष नहीं हुई तो राजपूत समाज सड़कों पर आकर विरोध करेगा ' बैठक के दौरान सैकड़ो लोगों में मुख्यतः एडवोकेट तेजपाल चौहान, धर्मपाल राणा, ओमकार राणा, मास्टर राम सिंह ,प्रदीप सिंह राणा,अनुप राणा,पिंटू राणा ,आशु राणा, जशवंत राणा, सचिन चौहान एडवोकेट,कुशल पाल सिंह, राकेश राणा, राजकुमार राणा ,सनी राणा, डॉ बनशी लाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा, बलदेव अरोड़ा,रवि राणा, सचिन राणा,कुशल पाल राणा,श्याम सिंह राणा, सुधीर राणा,लछमन राणा, शमशेर राणा आदि मौजूद थे।

# धर्म और संस्कृति को बचाए रखने से ही संस्कार जीवित रह सकते है: सुरेंद्र बंटी

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** श्री गोपाल बुचियावाली गौशाला स्थित दादी रानी सती मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित भवन में एक कमरे का निर्माण स्वर्गीय लाला हनुमान प्रसाद बर्तन वाले की चौथी पुण्य तिथि पर अपनी माता लक्ष्मी देवी के आशीर्वाद से उनके पुत्रो सुरेंद्र बंटी व जितेंद्र कुमार जीतू ने किया। कमरे के उद्घाटन से पूर्व हवन यज्ञ कर राणी सती के प्रति धर्म संस्कृति अर्चना की गई। नविर्मित कमरे का उद्घाटन लाला जी की पुत्रियां व बहन शर्मिला देवी, सुमन, मनीषा सिंघल , चंद्रकला दादरी,दामाद विजय कुमार गोयल संदीप गुप्ता व परिवार ने किया। बता दें की महेंद्रगढ़ की बुचियाली गौशाला में राणी सती का भव्य मंदिर का निर्माण कार्य धर्म प्रेमियों के सहयोग से चल रहा है। राणी सती मंदिर में भव्य गर्भ गृह के साथ सत्संग भवन व चार कमरो के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी व मंदिर निर्माण संयोजक आशीष कौशिक ने कहा कि धर्म और संस्कृति को बचाए रखने से ही संस्कार जीवित रह सकते है और साथ ही सनातन परंपरा का अनुसरण किया जा सकता है।

# कमेटी सिख परिवारों के अधिकारों की रक्षा करेगी: जगदीप सिंह काहलों

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सिख गुरुद्वारा** कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज 500 सिख परिवारों के विस्थापन के मुद्दे पर मेघालय के सरकारी सचिवालय में उप मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की।
मीटिंग के संबंध में जानकारी देते हुए सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि उनके साथ दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की कार्यकारिणी समिति के सदस्य और गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह भाटिया व स्थानीय समिति के अध्यक्ष सरदार गुरजीत सिंह शिलांग भी बैठक में



मौजूद रहे। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में मेघालय सरकार के उपमुख्यमंत्री एस. धर और पी. ताएनसोंग सहित अन्य उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आज की बैठक सकारात्मक माहौल में हुई। 500 सिक्ख परिवारों के विस्थापन को रोकने के लिए हमने मेघालय हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर हाई कोर्ट ने पूरे मामले पर रोक लगा दी है, वहीं हम मेघालय के साथ बातचीत के जरिए इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश भी कर रहे हैं, आज हमने सिख परिवार के मुद्दे को सरकार के समक्ष रखा और बताया है कि पिछले डेढ़ सालों से यह परिवार यहां रह रहे हैं और अब इनकी चौथी पीढ़ी यहां रह रही है। सरदार काहलों ने दोहराते हुए कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इन 500 परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।



वार्ड-18 जहांगीरपुरी स्थित बस्ती विकास केंद्र निकट पशु चिकित्सालय भलस्वा डेरी के नवीनकरण कार्य का उद्घाटन जनता और आप कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में किया गया। यह कार्य विधायक अजेश यादव द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में देश कर रहा हैं तरक्की: जितेन्द्र ढ़ीका

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हैं लोग: ढ़ीका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** नेता जिन्तेन्द्र ढीका ने कहा कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी



के कार्यों से खुश है और दिल्ली में भी भाजपा का शासन चाहती है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते आम जन मानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार को विकास पर ध्यान देना चाहिए। जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि हमें शिक्षा के महत्व को समझना होगा और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और बच्चा पढ़-लिखकर देश और समाज का नाम रोशन करें।

## जहांगीरपुरी : हम सभी को करना चाहिए पौधारोपण : ननवा राम प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**समाजसेवी ननवा राम** प्रधान ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, भोजन, आश्रय और बहुत कुछ देते हैं। इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये।
उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित



करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सभी को पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व जरूरतमंदो की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों को विकास हो सके।
उन्होंने यह भी बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे दिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य का साथ दें और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनों, जागरूक बनों और संघर्ष करों, तभी मंजिल हासिल होगी। इसलिए हम सभी को शिक्षा के महत्व को समझना होगा।

## 'धर्मेन्द्र को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करें भारत सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज हिंदी सिनेमा के लिविंग लीजेंड ही मैन पूर्व लोकसभा सांसद, महान अभिनेता पद्मभूषण धर्मेंद्र को एक्स पर पोस्ट कर उन्हें उनके 88वें जन्मदिन पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपनी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर अपने शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि धर्मेंद्र आज हिंदी सिनेमा के लिविंग लीजैंड हैं। धर्मेंद्र भारत की 140 करोड जनता के दुलारे हैं। सबसे ज्यादा हिट और सुपरहिट फिल्में धर्मेंद्र ने ही दी हैं। वत्स ने कहा कि यदि हम उनके फिल्मी सफर की बात करें तो निमार्ता निर्देशक ओ.पी रल्हन की फिल्म फूल और पत्थर उनकी पहली सुपर डुपर हिट फिल्म थी। इसमें उनकी हीरोइन थी मीना कुमारी। धर्मेंद्र ने अपने समय की तमाम अभिनेत्रियों और निमार्ता निर्देशकों एवं कलाकारों के साथ काम किया। हेमामालिनी के साथ उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्में है.। ऋषिकेश मुखर्जी से लेकर रमेश सिप्पी तक अनेकों निर्देशकों के साथ काम किया। धर्मेंद्र ने लगभग दो सौ फिल्मों में काम किया जिनमें सौ फिल्में सुपरहिट रहीं।
अपने मृदु स्वभाव के कारण धर्मेंद्र आज भी करोडों भारतीयों की पहली पसंद हैं।

## नरेला : मनोज बंसल बने विश्व हिन्दू परिषद उत्तरी विभाग के सहमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रामा कृष्णा पुरम** के आर्य समाज मंदिर में विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत की प्रांतीय बैठक हाल ही में संपन्न हुई। बैठक में नरेला के मनोज बंसल को विहिप दिल्ली प्रांत के उत्तरी विभाग का सह मंत्री नियुक्त किया गया। उत्तरी विभाग में सह मंत्री नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं सहित उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल है। इससे पहले वह नरेला जिला में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात थे। गौरतलब है कि उत्तरी विभाग के अंतर्गत नरेला, कंझावला, बुराड़ी, रोहिणी जिले आते हैं। नई नियुक्ति




मिलने पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया की आगामी पोष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार ( दिनांक 22 जनवरी 2024 ) के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को , श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के भूतल गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए गए अक्षत कलशों का वितरण दिनांक 12 जनवरी 2023 को झंडेवालान मंदिर से विहिप कार्यकर्ताओं को किया जाएगा और कार्यकर्ता इन अक्षत कलशों को दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न ज़िलों के मंदिरों में स्थापित करेंगे। वही 19 जनवरी 2023 को दिल्ली प्रांत के सभी मंदिरों में सायंकाल श्री हनुमान चालीसा जी का सामूहिक पाठ किया जाएगा। आगामी कार्यक्रमों की आगे विस्तृत जानकारी देते हुए बंसल ने बताया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ , विश्व हिंदू परिषद और समस्त हिंदू वादी संगठनों के कार्यकताओं द्वारा आगामी 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक क्षेत्र के प्रत्येक हिंदू परिवार में गृह संपर्क अभियान के तहत लोगों को हिंदू समाज और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ा जाएगा। इस दौरान विहिप दिल्ली प्रांत के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मास्टर राय सिंह बरवाला नहीं रहे, बरवाला गांव में शोक की लहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली आदर्श मूल** ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष एवं बरवाला गांव की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने बरवाला गांव की शान टेलर मास्टर राय सिंह बरवाला के आकस्मिक निधन पर पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि मास्टर रायसिंह बरवाला ने हजारों ग्रामीण बहन बेटियों और महिलाओं को कटिंग टेलरिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। 76 वर्षीय स्वर्गीय रायसिंह बरवाला पिछले कुछ समय से बीमार थे।
वत्स ने कहा कि टेलर मास्टर रायसिंह ने हजारों बेटियों को हुनरमंद बनाया।

## गांवों व कॉलोनियों को संपत्ति कर पर धमकी देना बंद करें निगम : यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत संघ** प्रमुख थान सिंह यादव ने मेयर शैली ओबराय के संपत्ति जियो टैगिंग ब्योरा तैयार करने की 31 जनवरी 2024 की समय सीमा पर विरोध जताया है। दूसरा नगर निगम लगातार गांवों व अनधिकृत कालोनियो को संपत्ति कर पर धमकी दे रहा है। इससे पहले निगमायुक्त ने 25 लाख तक संपत्ति कर पर जेल भेजने की धमकी भरा आदेश ओर अब मेयर द्वारा जियो टैगिंग पर 10 प्रतिशत कर में छूट ना देने की बात की। सभी आदेश दिल्ली देहात व गावों ओर अनधिकृत कॉलोनियों में



आक्रोश बढ़ा रहा है। पंचायत संघ प्रमुख ने मेयर से मांग की कि आप गांवों की हाउस टैक्स माफी, कन्वर्जन, पार्किंग चार्ज से मुक्त, भवन उपनियम से बाहर, गांवों की सील संपत्तियो को खोलने व गांवों को रोजगार के लिए व्यवसायिक श्रेणी में करने की समय सीमा तय करें। आपके द्वारा ग्रामीणों के हाऊस टैक्स माफ की घोषणा पर स्पष्टता देने की समयबद्धता पर भी गांवों को बताएं। पंचायत संघ ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को भी जियो टैगिंग की समय सीमा की डैड लाईन से बहार किया जाए। अभी तक कॉलोनियों को मालिकाना हक व नगर निगम की मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने मेयर को कहा कि आप संपत्तियो की जियो टैगिंग कराएं अच्छा है।

## मॉडल टाउन : रक्तदान का हमारे जीवन में है विशेष महत्व : विनोद वधवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्तदान करना पुण्य** का कार्य होता है, इसलिए इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें। मॉडल टाउन में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व विनोद वधवा ने कहा कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता



है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।
**रक्तदान से शरीर में नहीं आती है कमजोरी:** उन्होने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी रक्तदान करें।
**स्वस्थ्य व्यक्ति कर सकता है रक्तदान:** सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।

## जहांगीरपुरी : मुख्य रोड़ पर गंदगी का अंबार, लोग परेशान

**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**राजधानी दिल्ली** के कई इलाको के मुख्य रोड़ों पर गंदगी का अंबार होने की वजह से वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। ऐसी ही समस्या इन दिनों जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर पिछले कई दिनों से बनी हुई है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है।
**स्वच्छता के दावे हुए फेल:** सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि वैसे तो सरकार स्वच्छता के दावे करती है, लेकिन दिल्ली के इलाको



की स्वच्छता को लेकर असलियत देखी जाये तो वह वादों से बिल्कुल ही अलग नजर आती है।
**जगह-जगह पड़ा हुआ है कूड़े का ढ़ेर:** भारत सिंह राघव ने बताया कि जहांगीरपुरी रेड़ लाईट से लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल तक मुख्य रोड़ पर कई जगहों पर कूड़े का ढ़ेर लगा हुआ है।
लेकिन प्रशासन समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिस कारण से यहां से गुजरने वाले लोगों को बूदबू और गंदगी का सामाना करना पड़ रहा है।

## हमेशा ही करता रहूंगा क्षेत्र के लोगों की सेवा : शर्मा

# भाजपा के कार्यों से खुश है देश के लोग: संजय शर्मा



### भाजपा नेता संजय शर्मा ने कहा

= भाजपा ने जो वादे देश की जनता से किए थे उनको पूरा करके दिखाया है, तभी तो देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।
= मेरा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहायता कर सकूं, जिसके लिए मैं सदैव उपस्थित हूं।



**आज** हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जो कि अपने कार्य के बदौलत क्षेत्रीय जनता के दिलों में आज भी बसे हुए है। यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा की।
**अपने कार्यकाल में क्षेत्र को चमकाया:** आपको बतादें कि संजय शर्मा की धर्म पत्नी मंजू शर्मा 2017-2022 तक वार्ड नंबर-63 से निगम पार्षद रह चुकी हैं। जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में इतने कार्य करवाए है कि जिनको उंगली पर गिना जाए तो शायद दिन भी कम पड़ जाए। उनमें से कुछ काम जो उनके द्वारा करवाए गए है, उनके बारे में विस्तार से जानते हैं।
**लोगों के लिए चलाया स्वास्थ्य व स्वच्छता मिशन:** मैडिकल कैम्प द्वारा सैंकड़ो जरूरतमंद लोगों को चश्मे व कानों की मशीनों का वितरण किया गया। क्षेत्र स्थित आत्माराम गुप्ता पोली क्लीनिक में निरन्तर निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया गया तथा टूटी छतों व कमरों को रिपेयर किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य व सफाई को ध्यान में रखते हुए करीब 8000 डस्टबिनों का वितरण किया गया।
**सड़कों के नामकरण:** उन्होंने बताया कि क्षेत्र के गणमान्य दिवंगत व्यक्तियों व समाज के नाम पर अनेक सड़कों का नामकरण किया गया।
**बर्तन बैंक की स्थापना:** उन्होंने कहा कि हमारे कार्यालय से धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक व अन्य आयोजनों के लिए कुर्सियां व स्टील की क्रोकरी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती रहीं है।
**गैस पाईपलाइन की शुरूआत:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना के अंतगर्त आईजीएल गैस पाइप लाइन पास करवाई गई, व घरों में कनैक्शन लगे जिसके लिए हमने निरन्तर प्रयास किया था।
**हमारा प्रयास, क्षेत्र का विकास:** उन्होंने बताया कि मेरा प्रयास हमेशा ही यही रहा है कि मैं अपने क्षेत्र वासियों को और बेहतर सुविधा दे सकूं, जिसके लिए सभी पार्कों का निरन्तर निरीक्षण किया गया। चौकीदार व मालियों को उनकी कमियों से अवगत करवाया गया, जनता द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाकर पार्कों के रख-रखाव व सुन्दरता को बढ़ाया गया। इतना ही नहीं वार्ड में ओपन जिम व कम्युनिटी सेंटर बनवाया गया। चारों पार्कों में ओपन जिम लगवाए गए, स्कूल व पार्कों में बच्चों के लिए झूले लगवाए गए। साथ ही पार्कों व सार्वजनिक डार्क प्वाइंट पर हाई मास्ट लाइटें लगवाई गई।
**भाजपा से खुश है देश की जनता:** भाजपा वादे की पक्की है। आज देश में भाजपा के राज में विकास हो रहा है। मोदी जी ने कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

– प्रस्तुति: महेन्द्र सिंह





# अधिक से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से उठाएं लाभ: विधायक राजेश नागर

**शिरकत**

8 विधायक ने गांव ताजपुर तथा बदरपुर सैद में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

विधायक राजेश नागर ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं के सभी पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश व प्रदेश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन हुआ। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केंद्रीय तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवाएगी। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर आज शुक्रवार को जिला फरीदाबाद के गांव ताजपुर तथा बदरपुर सैद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन प्रदेश के हजारों लोग जुड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है। इस यात्रा के दौरान ना केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों का हेल्थ चेकअप भी किया जा रहा है। यात्रा में शामिल हुए लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सोच के अनुरूप शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा पूर्ण रूप से सफल साबित होगी। लोगों ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी तो मिल ही रही है वहीं योजनाओं का लाभ भी मौके पर ही दिया जा रहा है। इससे वे दफ्तरों के चक्कर काटने से बच गए हैं।

घर द्वार पर मिली इस सुविधा के लिए लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार जताया है। लागों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस यात्रा को जनसंवाद से जोड़ा है जिसके माध्यम से उनकी शिकायतें व समस्याएं भी सुनी जा रही है और उनका समाधान भी किया जा रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं को समयानुसार पूरा करें अधिकारी: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

एडीसी एवं जिला परिषद फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला परिषद के सदस्यों और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की मौजूदगी में जिला परिषद की बैठक हुई। बैठक में तिगांव विधानसभा क्षेत्र से राजेश नागर, जिला परिषद चेयरमैन विजय कुमार, वाइस चेयरमैन धरम चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के



निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। तथा जिला प्रशासन के अधिकारी भी उनसे तालमेल करके विकास कार्यों एवं परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाएं। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्बाध रूप से जिला परिषद के सदस्यों के क्षेत्र में विकास कामों का बेहतर क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें। जिला परिषद चेयरमैन विजय कुमार ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण आँचल में जलापूर्ति, साफ-सफाई, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधा सुनिश्चित की जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर, 2023 को खुलेगा

**नोएडा**

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("इंडिया शेल्टर" या "कंपनी"), एक रिटेल केंद्रित किफायती आवास वित्त कंपनी है जिसमें एक व्यापक वितरण नेटवर्क है। पूरे देश में कंपनी के नेटवर्क में 30 सितंबर, 2023 तक 203 शाखाएं शामिल हैं और हमारे व्यापार संचालन की पूरी प्रक्रिया में और लोन साइकल में स्केलेबल टेक्नोलोजी पर आधारित बुनियादी ढांचा है। कंपनी ने अपने इक्विटी शेयरों के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 से बिड/ऑफर शुरू करने की घोषणा की है।

प्रत्येक अंकित मूल्य ? 5 के इक्विटी शेयरों का कुल ऑफर साइज ? 12,000 मिलियन [? 1200 करोड़] तक है, जिसमें ? 8,000 मिलियन [? 800 करोड़] तक का नया इश्यू और कुल मिलाकर 4,000 मिलियन [? 400 करोड़] तक के सेलिंग शेयरधारकों के प्रस्ताव शामिल हैं।

ऑफर का प्राइस बैंड ? 469 से ? 493 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 30 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 30 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023 होगी। सब्स्क्रिप्शन के लिए बोली/प्रस्ताव बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को खुलेंगे और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 को बंद होंगे।

कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग अनुमानित ? 6,400 मिलियन [? 640 करोड़] के ऋण और शेष राशि को सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिहाज से करने का प्रस्ताव करती है ("इश्यू का उद्देश्य")।

बिक्री प्रस्ताव में कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लिमिटेड (एमआईसीपी ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में) द्वारा कुल मिलाकर ? 0.2 मिलियन तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं, कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लिमिटेड द्वारा (मैडिसन इंडिया अपॉर्चुनिटीज ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में) ? 1712.9 मिलियन [? 171.29 करोड़ तक] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। साथ ही, मैडिसन इंडिया अपॉर्च्युनिटीज क्ष्ट्ट द्वारा कुल मिलाकर ? 544.30 मिलियन [? 54.43 करोड़], टक्ष्ड स्टाररॉक द्वारा ? 317.6 मिलियन [? 31.76 करोड़] तक और नेक्सस वेंचर्स क्क्क्क्ष् लिमिटेड द्वारा ? 1,425 मिलियन [? 142.5 करोड़] तक के शेयर शामिल हैं (सामूहिक रूप से, "शेयरधारकों को बेचने वाले निवेशक" या "विक्रय करने वाले शेयरधारक") ("बिक्री के लिए प्रस्ताव")।

### 10 दिसंबर को ऑटो पिन झुग्गी पर लगाया जाएगा परिवार पहचान पत्र कैम्प: मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 10 दिसंबर यानी रविवार को फरीदाबाद स्थित ऑटोपिन झुग्गी राधा कृष्ण मंदिर के पास प्रातः 9 बजे से परिवार पहचान पत्र में त्रुटियाँ दूर कराने, नयी फैमिली आईडी बनवाने, ओल्ड एज बुढ़ापा पेंशन के लिए जन्मतिथि सत्यापित तथा प्रॉपर्टी आईडी से सम्बंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए एडीसी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र तथा प्रॉपर्टी आईडी से सम्बंधित समस्या का समाधान करना चाहता है तो वे व्यक्ति उक्त कैम्प में जाकर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। उक्त कैम्प में पेंशन विभाग, क्रीड तथा निगम के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### मेडिकल स्टोर की आड़ में आरोपी करता था नशे के इंजेक्शन का कारोबार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में नशा तस्करी को रोकने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम जतिन उर्फ तरुण(32) चिमनी बाई धर्मशाला एनआईटी का रहने वाला है।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने अवैध हथियार के आरोपी के गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सुनील उर्फ टकली है आरोपी राहुल कॉलोनी एसजीएम नगर का रहने वाला है।

आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से एत्मादपुर पुल के पास धीरज नगर से काबू किया है।

# फरीदाबाद के सारण गांव के सरकारी स्कूल में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**भव्य स्वागत**

8 सारण गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पहुँचने पर यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत आज शुक्रवार को सारण गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पहुँचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में लोग सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं लेने के लिए ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करवा रहे हैं। निवर्तमान पार्षद बीर सिंह नैन ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया,साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए प्रदेश में 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। वहीं कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बी.पी.एल. परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है।

वहीं अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को जोड़ना है। पिछले साढ़े नौ सालों में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, तो उन्हें योजनाओं और परियोजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है।

इन सुविधाओं का मौके पर मिल रहा है ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड व्यवस्थाः-

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं।

# 11 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन होगा: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेला कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार तथा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशों की अनुपालना में आगामी 11 दिसंबर को एनएच- 4 एनआईटी फरीदाबाद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक विशाल शिक्षुता/रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां उक्त मेले में आईटीआई के सभी



इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग व्यवसाय के पास-आउट हो चुके प्रशिक्षणार्थी जिन्होंने अभी शिक्षुता या जॉब हासिल नहीं की है, वे सभी इस मेले में भाग लेकर शिक्षुता / जॉब प्राप्त कर सकते हैं।

रोजगार मेले ये कंपनियां भाग लेंगीः-

इस मेले में जिला की कुछ प्रतिष्ठित कंपनियां जैसेः जेसीबी इंडिया लिमिटेड, हैवेल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेंडन विकास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बीसीएच इंडिया लिमिटेड, बोहरा रबर्स प्राइवेट लिमिटेड, विक्टोरिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, जेबीएम ऑटो लिमिटेड, एबीबी इंडिया लिमिटेड, जिंदल रेक्टिफायर प्राइवेट लिमिटेड, व्हर्लपूल इंडिया लिमिटेड के भाग लेंगे।

## अवैध हथियार सहित 2 आरोपियो को अलग-अलग स्थानों से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने अवैध हथियार सहित 2 आरोपियो को अलग अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपक और हिमान्सुल उर्फ सत्यम का नाम शामिल है। आरोपी दीपक गाजीपुर डबुआ का तथा आरोपी हिमान्सुल उर्फ सत्यम गांव सारन का रहने वाला है।

# जनवरी से अब तक जुआ व अवैध शराब तस्करी के 3097 मामले दर्ज कर 3709 आरोपियो को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

हरियाणा सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ व अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए निर्देश पर क्राइम ब्रांच व थाना की टीम ने अवैध शराब तस्करी करने वाले और जुआ खेलने व खिलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3709 आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस आयुक्त के द्वारा समय समय पर क्राइम रिव्यू मीटिंग में सभी थाना, चौकी प्रभारी व क्राइम ब्रांच ईंचार्जों को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए जाते रहे है। इसके अलावा जुआ व शराब की तस्करी वाले इलाको में पुलिस की गस्त बढ़ाई गई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया नवम्बर महा में जुआ खेलने व खिलाने वालो के खिलाफ 126 मुकदमें दर्ज कर 179 आरोपियो को गिरफ्तार कर 707050रु नगद बरामद किए गए है वही वर्ष 2023 में अब तक जुआ के 1999 मुकदमें दर्ज कर 2524 आरोपियो को गिरफ्तार कर 5260505 रु बरामद किए गए है तथा अवैध शराब तस्करी करने




वाले आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नवम्बर 109 मुकदमें दर्ज कर 108 आरोपियो को गिरफ्तार कर 2967 बोतल बरामद की गई है। वही वर्ष 2023 में अब तक शराब तस्करी करने वालों के खिलाफ 1098 मामले दर्ज कर 1185 आरोपिय को गिरफ्तार कर 40043 शराब की बोतल बरामद की गई है। युवा पीढ़ी नशे की लत से बहुत जल्दी शिकार होती है। जिसके कारण धन की हानि के साथ साथ-स्वास्थ में का भी खराब होता है।समाज के विभिन्न अपराधों का एक कारण नशा भी है। लोग अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने बच्चो पर ध्यान रखे जिससे की युवा पीढ़ी को नशे के शिकार होने से बचाया जा सके। नशे की लत बच्चों में गलत संगत में पडने से लगती है इसलिए हमें अपने बच्चो को गलत संगत से बचा के रखना है। नशे की लत लगने से व्यक्ति समाज में मानसिक रूप से बीमार बन जाता है।

# डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड के दूसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा

**नोएडा**

दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी, रेकिट ने अपने प्रमुख अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत में सबसे बड़े स्वच्छता ओलम्पियाड डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड के दूसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की।

ओलम्पियाड का आयोजन बचपन की बीमारियों को रोकने में स्वच्छता की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। मुंबई में डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया सीजन 10 के लॉन्च अवसर पर 15 ओलम्पियाड विजेताओं को उनके शिक्षकों के साथ सम्मानित किया गया।



डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड 2.0 देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 3 करोड़ से अधिक बच्चों तक सफलतापूर्वक पहुंचा, जिसने भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी बच्चों को हाथ धोने की जरूरत के बारे में आवश्यक ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ सशक्त बनाया। कक्षा 1 और 2 के छात्र स्तर एक की परीक्षा में शामिल हुए, स्तर 2 की परीक्षा कक्षा 3 और 4 के छात्रों के लिए थी, स्तर 3 की परीक्षा कक्षा 5 और 6 के लिए, स्तर 4 की परीक्षा कक्षा 7 और 8 के लिए और स्तर 5 की परीक्षा कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए थी। देशभर में कुल 15 छात्रों (प्रत्येक स्तर में तीन) को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, पहले स्थान पर आने वाले विजेता को 50,000 रुपए, दूसरे विजेता को 35,000 रुपए और तीसरे विजेता को 15,000 रुपए प्रदान किए गए। रवि भटनागर, डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप, एसओए, रेकिट, ने कहा, ह्लस्वच्छता, स्वास्थ्य और साफ-सफाई के प्रति रेकिट की प्रतिबद्धता ने भारत के युवाओं को सकारात्मक स्वच्छता से जुड़े क्षेत्रों में चैंपियन बनने के लिए प्रेरित किया है।

डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड (डीएचओ) के दूसरे संस्करण के आश्चर्यजनक परिणामों को देखकर हम खुश हैं, जिसने भारत के दूर-दराज के इलाकों, अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर बसे आखिरी गांव नामसाई और अंजा से लेकर गुजरात के सुदुर में तलाला तक, सिक्किम में नेपाल सीमा के पास उत्तरे और मिजोरम में चंपई से लेकर कश्मीर में बड़गाम तक, पहुंचने का कठिन काम किया है।

# एडीसी आनन्द शर्मा ने की चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि चिन्हित अपराधों के केसों की पैरवी पूरी तैयारी से करना सुनिश्चित करें। एडीसी चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों और डीए को समीक्षा बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें। जिससे सबूतों के आभाव में कोई अपराधी कानून से बच न पाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियो और जिला न्यायवादी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित केसों की गवाही



सही समय पर न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ सुनिश्चित करवाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधों में सुरक्षा समीक्षा, एससी-एसटी एक्ट, पास्को सहित ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए। वहीं एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए।इन केसों की जांच गहनता से करेंः-एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों और तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। किसी मामले में अगर कोई पुलिस का जवान शहीद होता है, तो ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही न बरती जाए। एडीसी ने पुलिस को निर्देश दिये कि कोई मामला अगर चिन्हित अपराध में आता है, तो उस पर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए, जांच के हर पहलू को बारीकी से परखा जाए। उन्होंने सनसनीखेज अपराधों पर भी समीक्षा की और पुलिस विभाग के अधिकारी से कहा कि ऐसे केसों को भी चिन्हित अपराध के तहत लिए जाए और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और केस दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

# हंस फाउंडेशन ने दिव्यांग बच्चों के समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान की

**नोएडा**

हंस फाउंडेशन (टीएचएफ) ने अपने कॉकलियर इंप्लांट प्रोग्राम के दस साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, विभिन्न समावेशी विकास कार्यों के जरिये दि०?यांग बच्चों को सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या है। इस महत्वपूर्ण अवसर को और यादगार बनाने के लिए दि०?यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और नोएडा में एनआईईपीआईडी के सहयोग से दि०?यांग बच्चों और वयस्कों के लिए चल रही डोर-टू-डोर सहायक सेवाओं को बढ़ाने के लिए एक नई मोबाइल थेरेपी बस शुरू की गई।

2009 में स्थापित हंस फाउंडेशन, सभी के स्वास्थ्य और कल्याण पर फोकस करते हुए कमजोर और वंचित समुदायों को सशक्त बनाने का काम कर रहा है। टीएचएफ ने अपने कॉकलियर इंप्लांट प्रोग्राम के अंतर्गत देश भर के प्रमुख अस्पतालों के साथ मिलकर पिछले दशक में 1200 से अधिक बच्चों के लिए उपकरणों, सर्जरी और थेरेपी की मदद की है।

हंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और फाउंडर सुश्री श्वेता रावत ने कहा, ह्लप्रत्येक बच्चा जीवन में बेहतरीन काम करने की क्षमता के साथ पैदा होता है। दि०?यांगों के लिए समावेशन का मतलब केवल भौतिक पहुंच नहीं है बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण करने से है जो विविधता के सभी रूपों को समझता है, स्वीकार करता है और अपनाता है। हमें यह पहचानने की जरुरत है कि दि०?यांगता गतिशील है, जिसके लिए विभिन्न चरणों में विभिन्न प्रकार के समर्थन की आवश्यकता होती है। सिस्टम में वास्?तविक बदलाव के लिए - सहयोग महत्वपूर्ण है, जैसा कि देखभाल के लिए एक जीवनचक्र दृष्टिकोण है जिसकी शुरूआत जल्?दी पहचान और हस्तक्षेप से होती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 09 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# क्या है 'अमित शाह' का 'जीरो टेरर प्लान'

## आतंकवाद के इकोसिस्टम पर प्रहार से उखड़ने लगी दहशतगर्दों की सांस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जम्मू-कश्मीर** में आतंकवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए 'जीरो टेरर प्लान' तैयार किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भरोसा है कि इसके जरिए 2026 तक जम्मू-कश्मीर से दहशतगर्दी को उखाड़ फेंका जाएगा। शाह ने कहा कि पहले सिर्फ आतंकवादियों को मारा जाता था, लेकिन अब इसके पूरे इकोसिस्टम को खत्म किया जा रहा है। जीरो टेरर प्लान के तहत ही कम्प्लीट एरिया डॉमिनेशन प्लान बनाया गया है। यह 2026 तक समाप्त हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय, हर माह कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करता है। हर तीसरे माह में वे स्वयं वहां जाकर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हैं। 2010 में जम्मू-कश्मीर में 2,654 पथराव की घटनाएं हुई थीं, जबकि 2023 में पथराव की एक भी घटना नहीं हुई है।

**आतंकी घटनाओं में 70 फीसदी की कमी:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 व जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही है। आतंकवाद के मूल में धारा 370 के कारण खड़ी हुई अलगाववाद की भावना थी। अब धारा 370 खत्म हो चुकी है तो अलगाववाद में भी बहुत बड़ी कमी आ रही है। आतंकी घटनाओं में भी कमी आने लगी है। 1994 से 2004 के बीच कुल 40,164 आतंकवाद की घटनाएं हुईं थी। 2004 से 2014 के बीच इन घटनाओं की संख्या 7,217 रही है। गत वर्षों में इन घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। अब ऐसी घटनाएं 2,197 रह गई हैं। इन घटनाओं में से 65 प्रतिशत, पुलिस कार्रवाई के कारण घटित हुई थी।




### अब इकोसिस्टम को खत्म करने पर जोर

**शाह** के मुताबिक, जम्मू कश्मीर में जीरो टेरर प्लान बनाया गया है। इस पर पिछले तीन वर्षों से अमल हो रहा है। 2026 तक यह जीरो टेरर प्लान पूरी तरह से अमल में आ जाएगा। इसके साथ ही कम्प्लीट एरिया डॉमिनेशन प्लान बनाया गया है। पहले सिर्फ आतंकवादियों को मारा जाता था। अब इसके पूरे इकोसिस्टम को खत्म किया जा रहा है।

टेरर फाइनेंस के तहत एनआईए ने 32 मामले दर्ज किए हैं। ये मामले इसलिए दर्ज हुए हैं, क्योंकि आतंकियों की मदद के लिए पाकिस्तान से पैसा आ रहा था। अब इस फंडिंग पर रोक लगाई गई है। एनआईए द्वारा दर्ज किए गए 32 और एसआईए द्वारा दर्ज 51 मामलों को मिलाकर टेरर फंडिंग के कुल 83 केस दर्ज किए गए हैं। इस तरह के मामलों में 229 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभी तक 150 करोड़ रूपए मूल्य की 57 संपत्तियों को जब्त कर उन्हें नीलाम करने के लिए अदालत में प्रक्रिया जारी है। 134 बैंक खाते सील किए गए हैं। यहां से 122 करोड़ रूपए जब्त किए गए हैं। 5.5 करोड़ रूपए नकद जब्त हुए हैं।

### 2023 में एक भी पथराव की घटना नहीं

**केंद्रीय** गृह मंत्री शाह ने कहा, 9 वर्षों में नागरिकों की मृत्यु की संख्या में 72 प्रतिशत और सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या में 59 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2010 में जम्मू और कश्मीर में 2,654 पथराव की घटनाएं हुई थीं, जबकि 2023 में पथराव की एक भी घटना नहीं हुई है। 2010 में 132 ऑर्गेनाइज्ड हड़तालें हुई थीं, जबकि 2023 में एक भी नहीं हुई। 2010 में पथराव में 112 नागरिकों की मत्यु हुई थी, जबकि 2023 में एक भी नहीं हुई। 2010 में पथराव में 6,235 सुरक्षा कर्मी घायल हुए थे, 2023 में एक भी नहीं हुआ। केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में इस प्रकार की व्यवस्था की है कि वहां पर अब एक कंकड़ फेंकने की भी हिम्मत नहीं हो रही।



प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के देहरादून में 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' के दौरान एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

## 'लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को बदलने के लिये जनता करेगी वोट'

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई बेरोजगारी से त्रस्त हो चुकी है। इसलिए जनता इस बार लोकसभा चुनाव में बदलाव के लिए वोट करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार की रात को सपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप के घर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने बाराबंकी आये थे। उन्होंने हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों को लेकर अखिलेश ने कहा कि इस बार परिवर्तन के लिये जनता ने वोटिंग की है और हम सभी ने उसी का असर देखा। ऐसे में भाजपा की चिंता बढ़नी चाहिये। जनता भाजपा की खोखली बातों में नहीं आने वाली। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सब झूठ बोलने वाले हो, उनको जनता वर्ष 2024 में सबक सिखाएगी।

## भारत को सशक्त बनाने के लिए मोदी को फिर से बनाना है पीएम



**टीम एक्शन इंडिया/श्योपुर**
**विधानसभा** चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के अभियान में जुट गए हैं। विधानसभा चुनाव में जिन जिलों में भाजपा की हार हुई, वहां मुख्यमंत्री ने दौरे शुरू कर दिए हैं। वे बुधवार को छिंदवाड़ा पहुंचे थे और गुरुवार को गुरुवार को उन्होंने श्योपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा सभा चुनाव में श्योपुर की दोनों सीटें हार गए हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा को बहुमत से जिताना है। भारत को सशक्त बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उनके नेतृत्व में वैभवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। वे भारत के लिए भगवान का वरदान हैं, हम उनके पीछे खड़े हैं। लोकसभा चुनाव में हम मिशन-29 पूरा करेंगे। प्रदेश में लखपति बहना अभियान शुरू होगा। कोई बहन गरीब नहीं रहेगी, किसी के आगे हाथ नहीं फैलाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कार्यक्रम की शुरूआत लाड़ली बहनों की चरण वंदना कर की और उनका आशीर्वाद लिया। स्व-सहायता समूह की बहनों ने मुख्यमंत्री को 20 फीट लंबी राखी भेंट की, एक लाड़ली बहना ने मुख्यमंत्री को साफा बांधा और गदा भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पवित्र रिश्ता भाई-बहन का है। आज मेरी बहन ने मुझे पगड़ी बांधी है। पहले भाई पगड़ी बांधते थे। पगड़ी का मान और बहनों का सम्मान कभी कम नहीं होने दूंगा। आपको जो गारंटी दी है, वह एक-एक गारंटी पूरी की जाएगी, चिंता मत करना। उन्होंने सभा में कहा कि किसान भाइयों चिंता मत करना, प्रत्येक परिवार एक रोजगार मिलेगा, सरकारी योजनाओं पर काम करेंगे। आप लोगों ने मध्य प्रदेश में फिर से हमारी सरकार बनाने में सहयोग दिया है। जब तक मेरी सांस चलेगी, तब तक मैं आपको आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा।

**सम्मान**

> मुख्यमंत्री को 20 फीट लंबी राखी भेंट की, एक लाड़ली बहना ने मुख्यमंत्री को साफा बांधा और गदा भेंट की।

फास्ट न्यूज

## विजयपुरा, तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत के दो राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु में आज (शुक्रवार) सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की अधिकतम तीव्रता 3.2 रही। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार कर्नाटक के विजयपुरा जिले में आज सुबह 6:52 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 रही। इसके अलावा तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में सुबह करीब 7:39 बजे 3.2 तीव्रता का भूकंप आया।

## कच्छ में 4.2 तीव्रता का भूकंप

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में शुक्रवार सुबह 9 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। घरों में कंपन महसूस होते ही लोग बाहर आ गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 बताई गई है। इसका केंद्र रापर से 19 किलोमीटर दूर था। उल्लेखनीय है कि सौराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। कच्छ के साथ राजकोट में भी भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए।

## जूनियर महमूद का निधन

**मुंबई।** अभिनेता जूनियर महमूद नहीं रहे। जूनियर महमूद ने रात दो बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली।। वह पेट के कैंसर से पीड़ित थे। कुछ दिनों से उनकी तबीयत ज्यादा खराब थी। उनका अंतिम संस्कार आज (शुक्रवार) दोपहर बाद सांताक्रूज कब्रिस्तान में किया जाएगा। जूनियर महमूद के निधन की पुष्टि उनके करीबी दोस्त सलाम काजी ने की है। सलाम काजी ने कहा कि 67 वर्षीय अभिनेता जूनियर महमूद को शायद ही कोई नईम सैय्यद के नाम से पुकारता रहा हो। उनका असल नाम यही था। उनका उपचार परेल के टाटा मेमोरियल अस्पताल से चल रहा था। जूनियर महमूद की यादगार फिल्मों में 'हाथी मेरे साथी', 'कारवां' और 'मेरा नाम जोकर' जैसी कई चर्चित फिल्में हैं। उपचार के दौरान अभिनेता महमूद ने अपने पुराने दोस्तों जितेंद्र और सचिन पिलगांवकर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद सचिन और जितेंद्र उनसे मिलने भी गए थे। अभिनेता जूनियर महमूद के निधन से इंडस्ट्री गमगीन है।
नईम सैय्यद को ये पेन नेम दिग्गज कॉमेडियन महमूद ने दिया था। अभिनय के करियर में जूनियर महमूद ने फिल्मों के अलावा टीवी शो में काम किया। इसके बाद संघर्ष, ब्रह्मचारी, दो रास्ते, कटी पतंग हंगामा, छोटी बहू, दादागिरी समेत तमाम फिल्मों में वो नजर आए। सबसे ज्यादा वे राजेश खन्ना और गोविंदा की फिल्मों में दिखे।

## चाकू से गोदकर युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवादा।** नवादा जिला मुख्यालय के केएलस कॉलेज के पास शुक्रवार को एक युवक की हत्या चाकू से गोदकर कर दी गई।
मृतक युवक की पहचान नवादा नगर के शिवनगर मोहल्ला निवासी वासुदेव प्रसाद के पुत्र राहुल कुमार (22वर्ष) के रूप में हुई है।

## सपा विधायक के आंदोलन में पहुंचे भाकियू नेता राकेश टिकैत



**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**
**निजी** अस्पतालों के खिलाफ सपा विधायक अतुल प्रधान का आमरण अनशन छठें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने धरना स्थल पर पहुंच कर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उन्होंने विधायक से अनशन की बजाय आंदोलन करने और आम जनता के हित में डॉक्टरों से भी सस्ता उपचार करने की अपील की। कलक्ट्रेट में चल रहे सपा विधायक के धरने पर शुक्रवार को भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ऐसे भी अस्पताल बने हैं, जिनके परिवार में कोई डॉक्टर नहीं है। अस्पताल ठेके पर चल रहे हैं। निजी अस्पतालों में एंबुलेंस वाले मरीज भर्ती करा रहे। मेरठ में मुजफ्फरनगर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर आदि जिलों से मरीज आते हैं। अतुल प्रधान ठीक मुद्दे को उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को समिति बनाकर डॉक्टरों और विधायक को बुलाकर मामला सुलझाना चाहिए। चिकित्सा पेशे को व्यापार न बनाया जाए। अनाप-शनाप बिल लोगों से न वसूले जाएं। अनशन की बजाय आंदोलन चलाएं। इस आंदोलन को पूरा समर्थन है। डॉक्टरों के खिलाफ पहली बार आंदोलन हुआ है।

**टिकैत ने कहा**

> भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ऐसे भी अस्पताल बने हैं, जिनके परिवार में कोई डॉक्टर नहीं है।

## 'पंच प्रण हर भारतवासी का संकल्प बनना चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित बैनेट विश्वविद्यालय के पांचवे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें कार्य करना है। पंच प्रण हर भारतवासी का संकल्प बनना चाहिए। जो भी करें देश प्रथम की भावना से कार्य करें। अभिभावक, छात्र, शिक्षक, सुरक्षाकर्मी यानि जीवन के जिस क्षेत्र में आप कार्य कर रहे हैं अपने कर्तव्यों को ईमानदारी पूर्वक पालन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीनकाल में भारत में दुनियाभर के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। हमारे यहां के विश्वविद्यालयों में हर प्रकार की शिक्षा दी जाती थी। योगी ने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक युवा हमारे देश में और देश में सर्वाधिक युवा हमारे प्रदेश में हैं। आज जिसे धर्म कहते हैं वह धर्म का एक पार्ट हो सकता है। उपासना विधि को धर्म नहीं मान सकते। उपासना व्यक्तिगत कार्य है। जो हमारे कर्तव्यों के प्रति और सदाचार का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है वास्तव में वही धर्म है।

## 'खिलाड़ियों का जोश, जज़्बा और हुनर प्रेरणादायी'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**राज्यपाल** मंगुभाई पटेल ने कहा कि हार-जीत तो आती जाती रहती है। हौंसला बना रहना चाहिए। परिणाम नहीं प्रयास महत्वपूर्ण होता है। परिणाम बदलते रहते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से कहा कि उनका जोश, जज़्बा और हुनर भावी पीढ़ी और संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा के पुंज हैं। प्रतियोगिता का हर खिलाड़ी अपने आप में विजेता है, जिन्होंने अपनी ज़िद और जुनून से अपनी शारीरिक कमजोरियों को हराया है।
राज्यपाल पटेल शुक्रवार को राजधानी भोपाल के कैम्पियन स्कूल के खेल मैदान में आयोजित अस्थिबाधित क्रिकेट टूनामेंट के शुभारम्भ कार्यक्रम में दिव्यांग खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शारीरिक चुनौतियों के बीच स्वरोजगार और रोजगार की विभिन्न गतिविधियों के साथ ही खेलों में भी सक्रिय भागीदारी, स्वाभिमान और स्वावलंबन की दृढ़ इच्छाशक्ति और सामर्थ्य को वह सलाम करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उनके संघर्ष, एकाग्रता, दृढ़ संकल्प और आत्म विश्वास से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। दिव्यांग खिलाड़ियों ने साबित किया है कि कोई भी कमजोरी हौसलों से बड़ी नहीं हो सकती है। जीवन में हौसलों, हुनर और हिम्मत से सब कुछ पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानते हैं कि एक अंग की कमजोरी व्यक्ति की कमजोरी नहीं होती, उन्होंने निःशक्त जनों को दिव्यांगजन नाम देकर उनके प्रति सरकार के भाव और भावना को स्पष्ट किया है।

## वृद्ध महिला की फरियाद पर डीएम ने लिया संज्ञान

**बिहारशरीफ।** दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आज शुक्रवार को 25 लोगों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिया। सरमेरा की एक वृद्ध महिला ने बताया कि उनकी जमीन पर दूसरे पट्टीदार द्वारा जबरन घर बनाया जा रहा है। अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को कार्रवाई का निदेश दिया है। एकंगरसराय के एक परिवादी द्वारा द्वारा बताया गया कि रैयती जमीन की मापी हेतु अंचल कार्यालय द्वारा नाजिर रसीद नहीं काटा जा रहा है।

**समीक्षा**

### समीक्षा बैठक में नेता प्रतिपक्ष के नाम पर भी चर्चा हो सकती है....

## हार की समीक्षा में जुटी कांग्रेस, बघेल-बैज, शैलजा बताएंगे वजह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
छत्तीसगढ़ में मिली बड़ी हार के बाद दिल्ली में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हो रही है। जानकारी के मुताबिक, बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी हार की समीक्षा करेंगे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और चरणदास महंत भी मौजूद हैं। बैठक में प्रदेश के हालात को लेकर विधानसभा वार विधायकों के हारने की क्या वजह रही? डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत मंत्रियों के हारने का क्या कारण रहा है, इन विषयों पर चर्चा होगी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष के नाम पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी में संगठन स्तर के बदलाव लोकसभा चुनाव के बाद होंगे। देश में अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं। 11 में से 9 सीटें बीजेपी के पास हैं, तो वहीं बस्तर और कोरबा लोकसभा सीट कांग्रेस के पास है। फिलहाल कांग्रेस की कोशिश छत्तीसगढ़ में इन सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर ही है। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर जनता तक ले जाने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही बूथवार ट्रेनिंग सेशन भी शुरू किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस मजबूत हो, इसके लिए अलग-अलग अभियान भी चलाए जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि फिलहाल जो हालात हैं, उसे देखते हुए संगठन में बदलाव की संभावना बेहद कम है। अब इसी नेतृत्व के साथ लोकसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कांग्रेस पार्टी कर रही है। न तो प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज बदले जाएंगे और न ही प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के बदले जाने की कोई संभावना है। क्योंकि चुनाव से ठीक पहले ही प्रदेश अध्यक्ष को बदला गया है। ऐसे तो कांग्रेस पार्टी के 37 विधायक चुनाव हार चुके हैं, लेकिन अगर बात की जाए वोट प्रतिशत की, तो वो केवल 0.86% ही घटा है। ऐसे में पार्टी के नेता नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाना चाहते हैं, ताकि लोकसभा के लिहाज से वोट प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

## भाजपा पर्यवेक्षकों में राजनाथ सिंह, मनोहर लाल व अर्जुन मुंडा के नाम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा कर दी।
राजस्थान विधानसभा के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, के लक्ष्मण, आशा लाकड़ा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सबार्नंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम को पर्यवेक्षक बनाया गया है।
पर्यवेक्षकों के नामों के एलान के साथ अब मुख्यमंत्री के नामों की भी घोषणा रविवार तक की जा सकती है। माना जा रहा है कि तीनों राज्यों में शनिवार-रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है।